कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 312, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 08 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# एमसीडी: केजरीवाल ने जीता 'दिल्ली का दिल'

## बीजेपी को 104, आप को 134 सीटें, पीएम मोदी के आशीर्वाद से विकास करेंगे: केजरीवाल






**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में पिछले 15 साल से काबिज भाजपा का पत्ता साफ हो गया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने यहां बहुमत से जीत दर्ज की है। स्टेट इलेक्शन कमीशन के मुताबिक 250 सीटों वाले एमसीडी में आप को 134 सीटें मिली हैं, जो बहुमत से 8 ज्यादा हैं। वहीं भाजपा को 104, कांग्रेस को 9 और 3 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों की जीत हुई है। एमसीडी में आप की जीत पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को बधाई दी। पार्टी ऑफिस में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- दिल्ली की जनता ने अपने बेटे और भाई को दिल्ली की सफाई और भ्रष्टाचार खत्म करने की जिम्मेदारी दी है। हमें केंद्र सरकार का भी सहयोग चाहिए। प्रधानमंत्री जी का भी आशीर्वाद चाहिए।

**संजय सिंह बोले- लोगों ने कट्टर ईमानदार को जिताया:** पार्टी के सांसद संजय सिंह ने भाजपा पर हमला बोला है। सिंह ने कहा- अरविंद केजरीवाल कट्टर ईमानदार हैं, लोगों ने ईमानदार को जिताया है। भाजपा के किले को ध्वस्त करने का काम केजरीवाल ने किया। भाजपा अभी भी कह रही है मेयर हमारा होगा, जबकि उनकी 20-25 सीटें कम हैं। भाजपा खोखा पार्टी है। दिल्ली का मेयर भी हमारा होगा। मैं भाजपा को कहना चाहता हूं कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी वालों 17 केंद्रीय मंत्री और 8 मुख्यमंत्री दिल्ली में लगाए, फिर भी जनता ने केजरीवाल को जिताया है। यह बहुत बड़ी जीत है। वहीं, केजरीवाल सरकार के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आज दिल्ली के लोगों ने इतिहास रचा है। दिल्ली से नई शुरूआत हुई है। बात निकलेगी तो दूर तलक जाएगी। अब तक भाजपा कहती रही है कि केजरीवाल तो कांग्रेस को हराते हैं, लेकिन दिल्ली ने दिखा दिया कि भ्रष्टाचार का एक ही काल है। वह है केजरीवाल।

**दिग्गजों के क्षेत्र में आप पिछड़ी:** मनीष सिसोदिया के विधानसभा क्षेत्र में 4 सीटें हैं। भाजपा ने 3 पर जीत दर्ज की। आप के खाते में एक ही सीट आई। उधर, जेल में बंद सत्येंद्र जैन के विधानसभा क्षेत्र में 3 वार्ड हैं। पार्टी तीनों पर भाजपा से हार गई। केजरीवाल के वार्ड नंबर 74 चांदनी चौक से पार्टी के उम्मीदवार पुनर्दीप सिंह ने भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी को हराया। उधर, आप विधायक अमानतुल्लाह के वार्ड नंबर 189 जाकिर नगर से कांग्रेस विजयी हुई।

**शुरूआत में कभी भाजपा, तो कभी आप आगे रही:**
सुबह 8 बजे जैसे ही शुरूआती रुझान आए, भाजपा और आप में कड़ी टक्कर देखने को मिली। शुरूआती दो घंटे में दोनों दलों की सीटों में 10 से 20 सीटों का अंतर रहा। कभी भाजपा आगे तो कभी आप आगे दिखी। फिर सुबह 10.30 बजे के बाद हालात बदले और आप ने भाजपा पर बढ़त बना ली।

**आप के दफ्तर में सुबह से हलचल, पहले जश्न, मायूसी फिर जश्न:** एग्जिट पोल में आप की जीत के बाद बुधवार सुबह से ही पार्टी के कार्यालय में गहमा-गहमी शुरू हो गई थी। ऑफिस को पीले और नीले गुब्बारों से सजाया गया। पिछली बार इन्हें सफेद और नीले कलर के गुब्बारों से सजाया गया था, पर जैसे ही रुझान आते रहे आप के दफ्तर में पहले जश्न, मायूसी फिर जश्न का माहौल दिखा।

## आप को बंपर फायदा

**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम चुनाव 2022 के नतीजों की तस्वीर साफ हो चुकी है। नतीजों के आधार पर एमसीडी की सत्ता आम आदमी पार्टी की झोली में चली गई है तो 15 साल बाद एमसीडी से भाजपा की विदाई हो गई है। ऐसे में वोट शेयर की बात करें तो आम आदमी पार्टी को बंपर फायदा पहुंचा, जबकि भाजपा को भी कतई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, कांग्रेस को चौतरफा मार का सामना जरूर करना पड़ा।

एमसीडी चुनाव 2022 के अब तक के रुझानों और नतीजों पर गौर करें तो आप सबसे बड़ी पार्टी बनी। दिल्ली की जनता ने विधानसभा के बाद नगर निगम के लिए भी आम आदमी पार्टी और केजरीवाल पर भरोसा जताया। वोट शेयर की बात करें तो इस चुनाव में आम आदमी पार्टी की झोली में 42.05 फीसदी लोगों ने मतदान किया, जो 2017 के नतीजों के मुकाबले कहीं ज्यादा है। दरअसल, 2017 में दिल्ली नगर निगम तीन हिस्सों में बंटा हुआ था। उस वक्त आम आदमी पार्टी को एनडीएमसी में 27.88 फीसदी, एसडीएमसी में 26.44 फीसदी और ईडीएमसी में 23.4 फीसदी वोट शेयर मिला था। अगर इनका औसत देखा जाए तो आम आदमी पार्टी को करीब 25 फीसदी वोट शेयर हासिल हुआ था।

**भाजपा को वोट शेयर बढ़ा, लेकिन घट गईं सीटें**

नतीजों पर गौर करें तो एमसीडी की सत्ता से 15 साल बाद भाजपा की विदाई हो गई है। हालांकि, वोट शेयर के मामले में भाजपा को कोई नुकसान होता नजर नहीं आ रहा है।



2022 के चुनाव में भाजपा को 39.09 फीसदी वोट शेयर मिलता दिख रहा है, जबकि 2017 के चुनावों में भगवा पार्टी को एनडीएमसी में 35.63 फीसदी, एसडीएमसी में 34.87 फीसदी और ईडीएमसी में 38.61 फीसदी वोट शेयर हासिल हुआ था। अगर औसत पर गौर किया जाए तो भाजपा को 35.5 फीसदी वोट शेयर मिला था।

**कांग्रेस बेहाल, वोट शेयर धड़ाम, सीटें भी हाथ से निकलीं**

एमसीडी चुनाव 2022 में अगर किसी को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है तो वह कांग्रेस पार्टी है। पार्टी के न सिर्फ वोट शेयर में भारी गिरावट आई है, बल्कि उसकी सीटों की संख्या भी काफी कम हो गई है। 2022 के चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर महज 11.68 फीसदी रह गया। वहीं, 2017 के चुनावों पर गौर करें तो एनडीएमसी में कांग्रेस को 20.73 फीसदी, एसडीएमसी में 20.29 फीसदी और ईडीएमसी में 22.84 फीसदी वोट शेयर मिला था। इसका औसत देखा जाए तो यह करीब 21 फीसदी होता है।

## भारतीय रेलवे का निजीकरण का कोई प्रस्ताव नहीं: वैष्णव



**नई दिल्ली। रेल मंत्री** अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि भारतीय रेलवे के बेड़े में सोलर ट्रेन शामिल करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, वर्तमान में, रेलवे के बेड़े में सोलर ट्रेन को शामिल करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। सौर प्रणाली दिन के समय काम करता है और लगभग 4 से 5 घंटे का बैटरी बैकअप देती है। धुंध व बारिश और सर्दी के मौसम में यह प्रणाली ठीक से कार्य नहीं करती है और मौसम की स्थिति के आधार पर बैटरी बैकअप 2 से 3 घंटे तक कम हो जाता है। इसलिए, इस प्रणाली पर आगे कार्य नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय रेलवे ने 2030 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करने की परिकल्पना की है।

## हमारी विदेश नीति भारतीयों की सेवा के लिए: जयशंकर



**नई दिल्ली:** भारत की विदेश नीति में हो रहे लगातार विकास की विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सराहना की। राज्यसभा में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि देश के बढ़ते वैश्विक हितों, विस्तार के पदचिह्न और अधिक गहन साझेदारी के बीच भारत की कूटनीति जारी रही है। संसद में 'भारत की विदेश नीति में नवीनतम विकास' पर अपनी टिप्पणी करते हुए जयशंकर ने कहा कि पिछले मानसून सत्र के बाद से भारत की कूटनीति में तेजी आई है।

**भारतीय विदेश नीति भारतीय लोगों की सेवा के लिए:** राज्यसभा में बोलते हुए विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने कहा कि भारतीय विदेश नीति भारतीय लोगों की सेवा के लिए है। हम उस जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए जो भी करना होगा करेंगे। विदेश नीति आज केवल एक मंत्रालय या यहां तक कि केवल सरकार की कवायद नहीं रह गई है। इसका सभी भारतीयों के दैनिक जीवन पर सीधा प्रभाव पड़ता है। हमारा प्रयास है कि भारतीय लोगों का कल्याण सुनिश्चित हो, चाहे कितनी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति क्यों न हो। रूस से तेल खरीदने को लेकर दुनिया में भारत पर उठे सवालों के बारे में जवाब देते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि हम अपनी कंपनियों से रूसी तेल खरीदने के लिए नहीं कहते हैं। हम उनसे वह खरीदने के लिए कहते हैं जो उनके लिए सबसे अच्छा विकल्प है। यह बाजार पर निर्भर करता है इसके अलावा समझदारी भरी नीति यह है कि जहां सबसे अच्छा और सस्ता सौदा मिले वहां से खरीदा जाए। यह भारतीय लोगों के हित में भी है।

**इस्त्राइल और फिलिस्तीन विवाद पर भारत का रुख साफ:** इस दौरान उन्होंने इस्त्राइल और फिलिस्तीन विवाद पर भारत के रुख को लेकर कहा कि यह साफ है कि हम दो-राज्य समाधान का समर्थन करते हैं, जिसमें दोनों राज्य शांतिपूर्वक साथ-साथ रह रहे हैं। फिलिस्तीनी शरणार्थी कल्याण एजेंसी के लिए हमारा वित्तीय समर्थन बढ़ गया है।

## आरबीआई ने रेपो रेट 0.35% बढ़ाकर 6.25% किया



**नई दिल्ली:** आरबीआई गवर्नर ने तीन दिनों तक चली एमपीसी की बैठक के बाद रेपो रेट को बढ़ाने का एलान किया है। आरबीआई ने रेपो रेट में 0.35% बढ़ोतरी का एलान किया है। अब आरबीआई की रेपो रेट 5.4% से बढ़कर 6.25% हो गई है। आरबीआई ने लगातार पांचवी बार इसे बढ़ाने का फैसला किया है। केंद्रीय बैंक ने मई 2022 में रेपो रेट को 40 बेसिस प्वाइंट बढ़ाने की घोषणा के साथ इसकी शुरूआत की थी। उसके बाद जून, अगस्त और सितंबर महीने में रेपो रेट में 50-50 अंकों की बढ़ोतरी की थी। मई महीने में भी हुई एमपीसी की बैठक में रेपो रेट को 50 बेसिस प्वाइंट बढ़ाकर 4.90% कर दिया गया था।

रेपो रेट की बढ़ोतरी की घोषणा करते हुए आरबीआई गवर्नर ने यह भी कहा कि अगले चार महीनों में महंगाई दर चार प्रतिशत से ऊपर बने रहने की संभावना है।

## छावला रेप मामले में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 2012 में दिल्ली के छावला गैंगरेप के सभी दोषियों को बरी किए जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दाखिल की है। केंद्र सरकार ने कहा है कि मेडिकल साक्ष्य में साबित हुआ है कि इस मामले के आरोपित ही दोषी हैं। केंद्र सरकार ने कहा है कि अभियोजन के पास मौजूद साक्ष्य किसी भी संदेह से परे हैं। आज ही सामाजिक कार्यकर्ता योगिता भयाना ने भी याचिका दायर कर इस फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की है। इसके पहले 5 दिसंबर को पीड़ित युवती के माता-पिता ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की थी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस यूयू ललित की अध्यक्षता वाली बेंच ने 7 नवंबर को छावला गैंगरेप मामले के दोषियों को बरी कर दिया था। इस मामले के दोषियों ने हाई कोर्ट से मिली मौत की सजा को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। यह घटना 9 फरवरी, 2012 की है, जब रात में नौकरी से लौटते समय राहुल, रवि और विनोद ने उत्तराखंड की अनामिका को जबरन अपनी लाल इंडिका गाड़ी में बैठा लिया। तीन दिन बाद उसकी क्षत-विक्षत लाश हरियाणा के रेवाड़ी के एक खेत मे मिली थी। अनामिका के साथ गैंगरेप के अलावा कार में इस्तेमाल होने वाले औजारों से पीटा गया था। उसके ऊपर मिट्टी के बर्तन फोड़े गए थे और सिगरेट से दागा गया था। यहां तक कि उसके स्तन को भी गर्म लोहे से दागा गया। निजी अंग में औजार और शराब की बोतल डाली गई। उसके चेहरे को तेजाब से जलाया गया।

## 'कोविड-19 से मरने वालों के परिजनों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि दी गई

**नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में कहा कि सरकार कोविड-19 से जान गंवाने वालों के परिजनों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि दे रही है। उन्होंने एक लिखित प्रश्न के उत्तर में कहा कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए दिशानिदेर्शों और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कोविड-19 पीड़ितों को अनुग्रह राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मृत व्यक्ति के परिजनों को सहायता दी जाती है, जिसमें राहत कार्यों में शामिल या तैयारियों की गतिविधियों से जुड़े लोग भी शामिल हैं। राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से मृत्यु के कारण को कोविड के रूप में प्रमाणित होने के बाद सहायता प्रदान की जाती है। राय ने कहा कि कोविड के कारण हुए आर्थिक व्यवधान के कारण गरीब लोगों के सामने आने वाली कठिनाइयों को दूर करने और खाद्य सुरक्षा पर महामारी के प्रभाव को कम करने ।

## सामाजिक परिवर्तन के एजेंट हैं लोक सेवक : राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोक सेवकों को गरीब से गरीब व्यक्ति के हितों को ध्यान में रखने की सलाह दी और कहा कि लोक सेवक सामाजिक परिवर्तन के एजेंट हैं। भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय डाक सेवा, भारतीय रेलवे लेखा सेवा और भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी प्रशिक्षुओं और भारतीय रेडियो नियामक सेवा के अधिकारियों ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें सर्वोच्च जिम्मेदारी वाले पदों के लिए चुना गया है। शासन प्रणाली को राष्ट्रीय महत्व की नीतियों को लागू करने और लोगों के भविष्य को आकार देने की उनकी क्षमताओं पर बहुत भरोसा है। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी संबंधित सेवाओं में निर्णय लेते समय नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण का पालन करें। उन्होंने उन्हें अपने लक्ष्यों और कार्यों के बारे में जागरूक रहने की सलाह दी। उन्हें अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों को राष्ट्र के व्यापक लक्ष्यों के साथ संरेखित करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि यह तकनीक का युग है। प्रशासन और शासन के क्षेत्र में नवाचार की अपार संभावनाएं हैं। शासन को अधिक से अधिक प्रभावी, त्वरित, पारदर्शी और जनोन्मुख बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा सकता है। भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें याद रखना चाहिए कि उनकी दोहरी भूमिका करदाताओं द्वारा कर कानूनों के अनुपालन को सुगम बनाना और कर चोरी के खिलाफ समग्र विश्वसनीय निवारण में योगदान देना है। करदाताओं के साथ संचार को अधिक सम्मानजनक बनाया जाना चाहिए।

## धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में भारत को लेकर चिंता की जरूरत नहीं: यूएस



**वाशिंगटन। धार्मिक** स्वतंत्रता के मामले में भारत की स्थिति दुनिया के अन्य देशों से अच्छी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने ऐलान किया है कि धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में भारत को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। अमेरिका का यह बयान उस समय आया है, जबकि पिछले सप्ताह ही पाकिस्तान को धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन के लिए विशेष चिंता वाले देशों में शामिल किया गया है। हाल ही में अमेरिका ने चीन, पाकिस्तान और म्यांमार सहित 12 देशों को धार्मिक स्वतंत्रता की वर्तमान स्थिति के लिए विशेष चिंता वाले देशों की सूची में शामिल किया है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने इसकी घोषणा करते हुए कहा था कि दुनिया भर में सरकारें और गैर-सरकारी तत्व लोगों को उनकी धार्मिक मान्यताओं के आधार पर परेशान करते हैं।

# हिंदी विश्वविद्यालय में प्रश्नोत्तरी स्पर्धा सुकेशनि थोरात आई प्रथम



**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर मंगलवार को डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर सिदो-कान्हू- मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र द्वारा डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के जीवन एवं चिंतन विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर सिदो- कान्हू- मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र की पीएचडी शोधार्थी सुकेशनि आसाराम थोरात ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डॉ. भदंत आनंद कौशल्यायन बौद्ध अध्ययन क केंद्र के पीएचडी शोधार्थी फिरोज नंद द्वितीय व तृतीय स्थान डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर सिदो-कान्हू- मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र के पीएचडी शोधार्थी विजय श्रावण कुंभरे का रहा। प्रतिभागियों को कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए कहा कि प्रज्ञा पुरूष डॉ. अंबेडकर का स्मरण उनके जीवन एवं चिंतन के विषय पर किया जाना एक अच्छा प्रयास है। यह ज्ञानवृद्धि की प्रतियोगिता थी। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में प्रो. कृपाशंकर चौबे, डॉ. उमेश कुमार सिंह, डॉ. रविंद्र बोरकर, डॉ. हरीश हुनगुंद, डॉ. संदीप सपकाले, डॉ. सुरजीत कुमार सिंह ने तथा प्रश्न करता के रूप में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर सिदो- कान्हू- मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र की सहायक प्रोफेसर डॉ. किरण कुंभरे ने भूमिका निभायी। प्रॉ लेला, प्रो. हनुमान प्रसाद शुक्ल, चंद्रकांत रागीट, प्रो. डॉ. वरुण कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सूखी पड़ी नहर, किसान खेतों के पलेवा करने को परेशान

**बारा।** बारा तहसील क्षेत्र में सिंचाई का एकमात्र साधन कमला पंप कैनाल में सिल्ट सफाई के चक्कर में पिछले दो महीने से नहर में पानी नहीं छोड़ा जा रहा हैजिसकी वजह से किसान गेहूँ की बुवाई के लिए खेतों में पलेवा (सिंचाई)नहीं कर पा रहे हैं। नहर की सफाई का काम भी कच्छप गति से चल रहा है।मौसम में अचानक बदलाव होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है।अन्नदाताओं को समझ में नहीं आ रहा है कि क्या करें?धान की कटाई के साथ साथ गेहूँ की बुवाई के लिए खेतों को पलेवा करना आवश्यक होता है लेकिन सूखी नहरों के चलते किसानों को भारी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। नहरों व रजबहों में समय पर पानी न आने से खेतीबाड़ी पिछड़ रही है।नहरों व रजबहों की सिल्ट सफाई तो प्रतिवर्ष होती है लेकिन टेल तक पानी नहीं पहुंच पाती है। बीच में कई जगह कटान होने से सिंचाई प्रभावित होती है।किसानों ने बताया कि नहरों में अब तक पानी न आने से गेहूं की बुवाई के लिए पलेवा नहीं हो पाने से फसल पिछड़ने लगी है।



# करछना में आयोजित ब्लॉक दिवस पर नहीं दिखे फरियादी

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** में बुधवार को आयोजित ब्लॉक दिवस पर नहीं दिखे फरियादी खाली रह गई कुर्सियां उपस्थित अधिकारी खानापूर्ति कर चले गए बता दें कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीणों को तहसील, थाना , एवं ब्लाक स्तर पर होने वाली समस्याओं को उनके नजदीकी ही समस्याओं का समाधान कर दिये जाए इसीलिए सरकार माह में दो बार तहसील दिवस थाना दिवस व ब्लाक दिवस का आयोजन कराती है जिस पर ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर अधिकारियों के संमक्ष शिकायत दर्ज कराते हैं इसी तर्ज पर पिछले महीने ब्लॉक दिवस का आयोजन प्रत्येक ब्लॉकों में कराया जा रहा है लेकिन ग्रामीणों को ब्लॉक दिवस की बहुत कम जानकारी ह।

सूचना और जानकारी के अभाव में ब्लॉक दिवस की उपयोगिता पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है बुधवार को करछना ब्लॉक सभागार में आयोजित ब्लॉक दिवस पर दो तीन शिकायतें आई बाकी कुर्सियां खाली पड़ी रही जिसमें अध्यक्षता कर रहे एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा एवं एडीओ कोआपरेटिव सोनल शुक्ला पंचायत सचिव संजीव श्रीवास्तव, राज कपूर गौतम, आदित्य कुमार पौडवाल ,कमल सिंह, मनीष सिंह, अमित यादव सचिवों के अलावा अतुल कुमार मिश्रा, दुष्यंत प्रताप सिंह ब्लाक कर्मी के अलावा कोई भी अन्य अधिकारी व फरियादी नजर नहीं आए

# हरिओम हास्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर मे 325 ने कराई जांच



**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** तहसील क्षेत्र के भरहा गांव स्थित हरिओम हास्पिटल के संचालक डॉ नन्द कुमार गुप्ता के द्वारा बुधवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस मौके पर क्षेत्र के आसपास गांवों से 325 महिलाओं समेत पुरुषो बच्चों ने निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया और अस्पताल के तरफ से उन्हें दवाएं दी गई पहुंचे लोगों ने मुक्त जांच के साथ साथ डाक्टरों से परामर्श लेते हुए इलाज कराया इस मौके पर महिला चिकित्सक डॉ पल्लवी सिंह के द्वारा महिलाओ में गुप्त रोग से सम्बंधित रोगो के बारे में महिलाओं को जानकारी देते हुए जागरूक किया।

डॉ राघवेन्द्र शर्मा के द्वारा बताया गया कि लोगों को सभी तरह के रोगो से बचने के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है खास तौर पर इस समय डेंगू रोग का खतरा तेजी से बढ़ा हुआ है उससे बचने के लिए आसपास की जगह को साफ सुथरा रखने की जरूरत है और आसपास गड्ढे में पानी इकट्ठा न होने दें जिससे अनेक तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है इस मौके पर शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर योगेंद्र डॉ राकेश राय , डॉ सुनील विश्वकर्मा, डॉ मृत्युंजय सिंह यादव, डॉ राकेश शुक्ला , स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ आकांक्षा राय, के साथ हरिओम हॉस्पिटल के निदेशक डॉ नंद कुमार गुप्ता सहित डा, मुकेश कुमार, रिशब तिवारी, महेंद्र प्रताप, अंकित, मोहन गुप्ता, उपेन्द्र,विनय कुमार, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार का शिविर में सराहनीय योगदान रहा है कई तरह की बीमारियों की जांच मुफ्त मे की गई और दवा भी मुक्त वितरण किया गया।

## मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद प्रतापपुर की सड़कें जीर्ण-शीर्ण

**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र की दर्जनों सड़कें मरम्मत के अभाव में जीर्ण शीर्ण हो गई है ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के बार बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी नहीं बन रही है।जिसके कारण सड़क पर आवागमन करने वाले आम नागरिकों, छात्रों, वकीलों, व्यापारियों मे आक्रोश है क्योंकि ग्रामीणों की सुनने वाला कोई नजर नही आ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को 15 नवंबर तक प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का निर्देश दिया था इसके बावजूद क्षेत्र की सड़कें जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है।चंपापुर-हरीपुरपट्टी जलालपुर तथा रधईपुर महरछा से पयागपुर कुंदौरा धाम जाने वाली सड़क एवं क्षेत्र की अन्य जर्जर हो चुकी सड़कों मे अनुवां-चनेथू महरछा,महरछा-जंघई- प्रयागपुर आदि दर्जनों सड़कें पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। लेकिन इनका नवीनीकरण या मरम्मत न होने से सभी आक्रोशित है मिनटों का सफर घंटों मे तय करना पड़ रहा है इन सड़कों पर रात दिन आवागमन होने के बावजूद वर्षो से इन सड़कों की मरम्मत नही हुई है।

# मंडलीय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय परिसर में बिना परमिशन 111 हरे पेड़ काटने से मचा हड़कंप

## झाड़ियों की साफ सफाई के नाम पर सैकड़ों हरे शीशम के पेड़ कर दिए गए जमीदोज, जांच करने पहुंचे जिला समाज कल्याण अधिकारी



**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** झाड़ियों की साफ सफाई के नाम पर लाखों रूपए के कीमती शीशम के हरे पेड़ों को काट कर बेचने की तैयारी में खेल किया गया बुधवार को ट्रक से लोड करके ठिकेदार द्वारा बाहर भेजने की तैयारी में वहा का प्रधानाचार्य ने जैसे लकड़ी ठिकाने लगाने का काम शुरू किया तभी वहां के गार्ड ने सूचना उच्च अधिकारियों को दी तो मामला गंभीर होने की जानकारी होने पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी तत्काल करछना क्षेत्र स्थित खांई मंडलीय आश्रम पद्धति विद्यालय खाई पहुंचे वहां का नजारा देख स्तंभ रह गए जहां पर साफ सफाई के नाम पर हरे पेड़ों की कटाई किए जाने से हड़कंप मच गया।इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई तो लोग इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की।जानकारी मिलते ही जिला समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेत कुमार सिंह विद्यालय पहुंचे और जांच पड़ताल की तो पाया गया कि प्रधानाचार्य द्वारा सफाई के नाम पर 111 हरे पेड़ों की कटाई करवा दी गई है।

उन्होने इसकी जानकारी वन विभाग सहित एसडीएम और निदेशक को भी दी।समाज कल्याण अधिकारी ने विद्यालय में पठन-पाठन के बारे में जानकारी लेते हुए बच्चों से मिलने वाली सुविधा आदि के बारे में भी जानकारी ली।जहां बच्चों द्वारा यह बताया गया कि कक्षा 6,7 और 8 की किताबे अभी तक नही उपलब्ध हो पाई है।जिससे उन्हे पठन-पाठन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।साथ माध्यन भोजन भी ठीक से न मिलने की बात कही।

## क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में सीएचसी पर लगा भ्रष्टाचार का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खंड के सभागार में खुली बैठक का आयोजन किया गया। सहायक विकास अधिकारी विजय बहादुर यादव, एडीओ आईएसबी राकेश कुमार, ग्राम प्रधान के महामंत्री अमजद



जिसमें बीडीसी और ग्राम प्रधानों तथा खंड विकास अधिकारी एंव ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने भाग लिए। विकास खंड में हुई बैठक में सबसे ज्यादा शिकायत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊआइमा की उठाई गई। आरोप लगाया गया कि स्वास्थ्य विभाग में डिलीवरी एंव रेबीज इंजेक्शन लगाने के लिए मोटी रकम की मांग की जाती है। बैठक में अनुपस्थित कर्मचारियों की शिकायत जिले के अधिकारियों से की गई। बैठक 92 बीडीसी के स्थान पर 76 तथा 56प्रधानों में 40 प्रधान उपस्थित रहे। कृषि विभाग, बिजली विभाग, पुष्टाहार, खाद्य एवं रसद विभाग के कर्मचारी तथा सीडीपीओ अनुपस्थित रहने का हवाला देते हुए स्पष्टीकरण के लिए शिकायत की गई।

अपने संबोधन में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी ने सभी बीडीसी सदस्यों और प्रधानों को सम्मान देने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से ब्लाक प्रमुख अफसरुन निशां , प्रतिनिधि इम्तियाज समी, बीडीओ श्याम नारायण चतुर्वेदी, अखिल, दिनेश कुमार मौर्य, रामाधार सरोज, रामराज, सद्दाम हुसैन, सरताज, दानिश, दिनेश कुमार, जितेंद्र कुमार मिथिलेश कुमार तथा दीपक यादव आदि मौजूद रहे।

# मजबूत लोकतंत्र हेतु मतदान जरूरी:प्रदीप

## विद्यालय में मतदाता जागरूकता निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** मतदान हमारा सबसे बड़ा नैतिक और संवैधानिक अधिकार है।अपने देश के मजबूत लोकतंत्र हेतु इसके लिए अर्हता प्राप्त सभी लोगों को चाहिए कि मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर एक स्वस्थ्य लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाएं।

बच्चे भी अपने घर,पास पड़ोस और गांव के लोगों को मतदान हेतु जागरूक करते हुए इसके सहभागी बनें।यह बातें क्षेत्र के रामपुर स्थित श्री बृज मंगल सिंह इ.का.में बुधवार को आयोजित मतदाता जागरूकता निबन्ध प्रतियोगिता के पूर्व प्रार्थना सभा स्थल पर प्रभारी प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने कही।शिक्षक मो.परवेज सिद्दीकी,जगत पाल और सुधा सिंह ने भी बच्चों को मतदान



का महत्व बताते हुए जागरूकता के प्रति प्रेरित किया। इसके उपरांत आयोजित प्रतियोगिता में ४६बच्चों ने प्रतिभाग किया। छात्रा चंचल द्विवेदी पहले स्थान पर रही जबकि कक्षा१२की डॉली मिश्रा को दूसरा स्थान मिला। प्रतियोगिता के दौरान प्रवक्ता जीतेन्द्र कुमार,एनसीसी अधिकारी रमेश चंद्र तिवारी,चन्द्र शेखर सिंह,सुरेश कुमार,विजय सिंह,समेत शिक्षक और बच्चे मौजूद रहे।



## दबंगों ने युवती को पीटा किया छेड़छाड़,मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के रहीम पट्टी गांव में अपने घर पर बर्तन धुल रही युवती के साथ छेड़छाड़ किया विरोध करने पर दबंगों ने युवती की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई में गंभीर रूप से घायल युवती के भाई ने अस्थानीय थाने पर पहुंचकर दबंगों के खिलाफ मारपीट समेत छेड़छाड़ व अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया। उतरांव थाना क्षेत्र के रहीम पट्टी गांव में दबंगों द्वारा इस कदर तांडव मचाया गया कि जहां बर्तन धो रही एक युवती के साथ गांव के ही 2 युवकों द्वारा छेड़छाड़ किया। जब युवती ने विरोध किया तो दबंगों ने जमकर लाठी-डंडे से युवती की पिटाई कर दी। वही बहन की पिटाई होते देख भाई जब बीच बचाव में आया तो दबंगों द्वारा उसको भी पीटा गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने छेड़छाड़ मारपीट की धाराओं में डब्बू व रोशन के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

# खलिहान में रखी पुआल संदिग्ध दशा में जलकर खाक

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** मेजा के खौर गांव मे खलिहान मे रखे पुआल के ढेर मे संदिग्ध दशा में आग लग गई। जिससे हड़कंपमच गया। बगल मे लगभग दो बीघे धान की फसल रखी हुई थी। गांव के लोग पानी लेकर दौड़े और फायर ब्रिगेड को सुचना दी गई। बिना समय गंवाए फायर ब्रिगेड की टीम पंहुची और आग बुझाने मे जुट गई। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका तब तक पशुओं को चारा हेतु खलिहान मे रखा सोहन आदिवासी का करीब दो बीघे धान का पुआल जलकर राख हो गया।

बगल मे एक और किसान का दो बीघे धान की फसल रखी हुई थी।फायर ब्रिगेड के गंगाराम यादव, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, सुनील पाण्डेय,राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल,



आलोक यादव, चंद्र शेखर सहित पूरी टीम ने पुआल के ढेर मे लगी आग को घंटों मशक्कत के बाद बुझा दिया।बता दें कि अराजकतत्वों के द्वारा गांव मे दुसरी बार आग लगाने की घटना को अंजाम दिया है। एक सप्ताह पहले गांव के ही लालता प्रसाद प्रजापति सहित दो लोगों के करीब आठ बीघे धान के पुआल को अराजकतत्वों ने आग के हवाले कर दिया। जिससे पशुओं के चारा के लिए रखा पुआल जलकर राख हो गया था। अराजकतत्वों की इस हरकत से गांव मे आक्रोश का माहौल है।

## ईओ की कार ने ई रिक्शा को मारी टक्कर चार गंभीर कार चालक सहित पुलिस हिरासत में

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा के ओवरब्रिज पर ई रिक्शा से अस्पताल जा रहे परिवार को पीछे से आयी ईओ की कार ने टक्कर मार दी। जिससे चार बुरी तरह जख्मी हो गाए । जबकि ई रिक्शा और कार क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेज दिया है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ के लल्लू 48 पुत्र इसराईल ग्राम मिजार्पुर चौहारी थाना रानीगंज ई रिक्शा चालक है। लल्लू अपने ई रिक्शा पर कन्हैयालाल मौर्या पुत्र निर्भय कुमार ,अमरनाथ पुत्र निर्भय ,संगीतापत्नी निवासी जलेशरगंज उदहा थाना अन्तू के परिवार को बैठा कर प्रयागराज अस्पताल जा रहे थे।

बताते हैं कि जैसे ई रिक्शा मऊआइमा के ओवरब्रिज पर पहुंचा पीछे से आरही कर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कन्हैया लाल ,अमरनाथ ,संगीता और ई रिक्शा चालक लल्लू बुरी तरह जख्मी हो गए।सूचना पर पहुँचिम्म पुलिस ने सभी घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कर कटरागुलाब सिंह प्रतापगढ़ की ई ओ अंजू यादव के चालक शिवनारायण जायसवाल को कार सहित हिरासत में ले रखा है। जबकि कार भी क्षती ग्रस्त हो गई है।

## महिला को मारने पीटने पर ,दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** घर में घुस कर महिला को मारा पीटा गया। जख्मी महिला ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम हटिया तिलई बाजार निवासनीय कंचन तिवारी पत्नी अरुण का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर जब वह घर में काम कर रही थी तभी उनके विपक्षी घर में घुस आए और मारे पीटे एंव जान से मारने की धमकी भी दिए और गालियां देते हुए चले गए। कंचन तिवारी ने मऊआइमा थाने में मनोज तिवारी ,देवी प्रसाद तिवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रमुख सचिव नगर विकास ने माघ मेला क्षेत्र में रहे तैयारियों की किए समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माघ मेला 2022-23 को सकुशल एवं निर्विघ्न ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु मेला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा आज प्रमुख सचिव, नगर विकास अमृत अभिजात द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई । मेले में लगाई जा रही सामग्री एवं किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता में समझौता ना करने के निर्देश। वेंडरों के कार्यों का मजिस्ट्रेट लेवल पर निरंतर अनुश्रवण करने को कहा है। सभी कार्यों को 20 दिसंबर से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं जिसके पश्चात व स्वयं आकर किए गए कार्यों का निरीक्षण करेंगे।भूमि आवंटन हेतु एक मैट्रिक्स तैयार करने को कहा जिससे संस्थाओं में आपस में भिड़ंत होने की संभावना को कम किया जा सके। मेला क्षेत्र में कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का सत्यापन ड्रोन के माध्यम से करने के निर्देश दिए हैं जिसके अंतर्गत हर 2 से 3 दिन में कार्यों में कितनी प्रगति हुई है इसका अनुश्रवण ड्रोन के माध्यम से किया जाएगा।



मेला क्षेत्र को पॉलिथीन फ्री बनाने के दृष्टिगत पत्तल को एक विकल्प के रूप में प्रमोट करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ भारत अवार्ड हेतु माघ मेला क्षेत्र का भी सर्वे कराने पर जोर दिया।माघ मेला 2022-23 को सकुशल एवं निर्विघ्न ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु मेला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा आज प्रमुख सचिव, नगर विकास अमृत अभिजात द्वारा मंडल आयुक्त श्री विजय विश्वास पंत एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई'

विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उन्होंने किसी भी दशा में मेले में लगाई जा रही सामग्री एवं किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता में समझौता ना करने के निर्देश दिए तथा टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से आबद्ध किए जा रहे वेंडरों के कार्यों का मजिस्ट्रेट लेवल पर निरंतर अनुश्रवण करने को कहा है। साथ ही सभी कार्यों को 20 दिसंबर से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं जिसके पश्चात व स्वयं आकर किए गए कार्यों का निरीक्षण करेंगे।प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा भूमि आवंटन के संबंध में उन्होंने सुझाव दिया है की आवंटन हेतु एक मैट्रिक्स तैयार कर लें जिससे कि भूमि की वजह से संस्थाओं में आपस में भिड़ंत होने की संभावना कम की जा सके। इस मैट्रिक में क्या-क्या कॉम्पोनेंट रखे जाएंगे अभी इस पर कार्य किया जाएगा।

इसी क्रम में उन्होंने मेला क्षेत्र में कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का सत्यापन ड्रोन के माध्यम से करने के निर्देश दिए हैं जिसके अंतर्गत हर 2 से 3 दिन में कार्यों में कितनी प्रगति हुई है इसका अनुश्रवण ड्रोन के माध्यम से किया जाएगा।माघ मेला क्षेत्र को पॉलिथीन फ्री बनाने के दृष्टिगत जो कार्य किए जा रहे हैं उसके संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पत्तल के रूप में एक विकल्प प्रमोट करने का निर्देश दिया है। उन्होंने तर्क भी दिया कि यदि लोगों को विकल्प नहीं दिया जाएगा तो मेले को पॉलिथीन फ्री बनाना संभव नहीं हो पाएगा। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ भारत अवार्ड हेतु माघ मेला क्षेत्र का भी सर्वे कराने पर जोर दिया जोकि अपने आप में एक अनूठी पहल होगी।बैठक में मेला प्रशासन द्वारा इस बार के आकर्षण जिनमें वेंडिंग जोन में एकरूपता तथा 500 बेड की डॉरमेट्री के बारे में भी उन्हें अवगत कराया गया। साथ ही माघ मेले खत्म होने के पश्चात भी वहां पर शौचालय एवं बिजली की व्यवस्था बनाई रखी जाएगी इसके बारे में भी बताया गया।

### ज्ञानवापी मस्जिद-विश्वेश्वर मंदिर मामला

# मंदिर पक्ष ने पेश किया जेम्स प्रिंसेप का बनवाया 1836 का नक्शा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा किए जाने के मामले में दाखिल याचिका पर बुधवार को भी सुनवाई जारी रही। इस दौरान मंदिर पक्ष की ओर से विश्वेश्वर मंदिर का एक पुराना नक्शा पेश करके बताया गया कि मंदिर में किन-किन स्थानों पर पूजा होती रही है। कोर्ट ने समयाभाव की वजह से बुधवार को तकरीबन आधे घंटे तक बहस सुनी, फिर सुनवाई के लिए बृहस्पतिवार की तिथि तय कर दी।लक्ष्मी देवी तथा अन्य की याचिका पर न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की खंडपीठ सुनवाई कर रही है। इस दौरान मंदिर पक्ष की ओर से कहा गया कि विश्वेश्वर मंदिर का नक्शा बिट्रिशकालीन समय यानी 1836 में तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट जेम्स प्रिंसेप ने बनवाया था। मंदिर पक्ष की ओर से वीडिया कांफ्रेंसिंग के जरिये बहस कर हरिशंकर जैन ने बताया कि स्वयंभू विश्वेश्वर नाथ के चारों ओर आठ मंडप बने थे। आज जहां तीन



गुंबद एवं श्रृंगार गौरी, गणेश तथा दंडपाणि मंडप हैं, वहीं मूर्ति स्थापित थी, जिसकी पूजा की जा रही थी। इसे 1993 में बंद कर दिया गया जबकि, इसकेपहले श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा होती रही। जैन ने अपनी बहस में मंदिर के पुराने इतिहास को दोहराया। समय की कमी को देखते हुए कोर्ट ने सुनवाई को एक दिन के लिए आगे बढ़ा दिया।

# बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं पर होगा बार कोड और मोनोग्राम, हेराफेरी की नहीं रहेगी कोई आशंका

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की परीक्षा के दौरान कॉपियों में अब किसी भी तरह के हेरफेर की कोई आशंका नहीं रह जाएगी। यूपी बोर्ड ने पहली बार हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2023 की कॉपियों पर बार कोड और मोनोग्राम लगाने का निर्णय लिया है। बोर्ड के इस महत्वपूर्ण फैसले के बाद मेधावी छात्र-छात्राओं बड़ी राहत मिलेगी। बोर्ड ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए गवर्नमेंट प्रेस को तीन करोड़ से अधिक कॉपियां छापने का ऑर्डर दिया है। जनवरी तक सभी जिलों को कॉपियां भेज दी जाएंगी और हर कॉपी पर बार कोड एवं माध्यमिक शिक्षा परिषद का मोनोग्राम भी होगा।यूपी बोर्ड की 2023 की परीक्षा के लिए हाईस्कूल में 3113485 और इंटरमीडिएट में 2750913 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। कॉपियों पर बार कोड लगाए जाने के बाद अगर उन्हें बदला जाता है तो यह गड़बड़ी आसानी से पकड़ में आ जाएगी। इसी क्रम में यूपी बोर्ड की ओर से परीक्षा में पहली बार सिलाई वाली कॉपियां तैयार कराई जा रहीं हैं। पहले कॉपियों पर स्टेपल किया जाता था। अक्सर शिकायतें आती थीं कि स्टेपल की पिन निकाल कर कॉपियां बदल दी गईं हैं। हालांकि, इन शिकायतों के बाद यह साबित करना मुश्किल होता था कि कॉपियां बदली गईं हैं, लेकिन बार कोड लगाए जाने के बाद अब किसी भी तरह की गड़बड़ी की आशंका नहीं रह जाएगी। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल का कहना है कि नकल विहीन और पारदर्शी परीक्षा के मद्देनजर बोर्ड ने ये महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

# एमपी बिरला शिक्षा भवन में खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** छतनाग स्थित एमपी बिरला शिक्षा भवन का 35 वा स्थापना उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का भी शुभारम्भ किया गया। वार्षिकोत्सव के अवसर पर रेड हाउस ब्लू हाउस के कैप्टन का चयन भी किया गया।

खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को प्राइमरी वर्ग में चश्मा, टोपी, नीबू, चम्मच दौड़, जूनियर एवं सीनियर वर्ग 400 मीटर रिले रेस लंबी कूद एवं



ऊंची कूद में बड़ चढ़ कर भाग लिया। आखिर में बच्चों को पुरस्कृत कर खेल समारोह का समापन किया गया। शिक्षा भवन की प्रबंधक नीलिमा वर्मा माँ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मशाल प्रज्वलित कर खेलकूद का शुभारंभ किया था। खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन कर रहे थे।

# एसआरएन में मरीज को कुत्तों के नोचने की कथित सूचना वायरल, प्रशासन ने नकारा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज ।** स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में बुधवार को एक मरीज को कुत्तों के नोचने की सूचना वायरल होते ही हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह और अस्पताल के एसआईसी डॉ. अजय सक्सेना मौके पर पहुंच गए।

हालांकि दोनों का कहना है कि कुत्तों के नोचने की बात गलत है, मरीज के साथ कोई नहीं था, ऐसे में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। जहां उसका इलाज शुरू हो गया है।मंडल के सबसे बड़े अस्पताल एसआरएन में इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता गौरव द्विवेदी बुधवार को किसी कार्य से गए थे। अस्पताल में उन्हें ओपीडी के बाहर फर्स पर एक मरीज लेटे हुए दिखाई दिया। अधिवक्ता का दावा है कि ट्रामा सेंटर के पास ओपीडी के बाहर फर्स पर पड़े मरीज को कुछ कुत्ते नोच रहे थे। उन्होंने कुत्तों को वहा से हटाया और इसकी सूचना उन्होंने वाट्सअप के विभिन्न नम्बरों पर भेज दी।साथ ही प्राचार्य एमएलएन मेडिकल कॉलेज डॉ. एसपी सिंह को भी दी। सूचना मिलते ही प्राचार्य और एसआरएन अस्पताल के एसआईसी डॉ. अजय सक्सेना मौके पर पहुंच गए। दोनों अधिकारियों ने अस्पताल कर्मियों की मदद से मरीज को वार्ड में शिफ्ट कराया और उसका इलाज शुरू करा दिया।कुत्तों द्वारा नोचने की बात को लेकर प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह का कहना है कि यह बात पूरी तरह से गलत है, मरीज को ओपीडी का समय खत्म होने के बाद कोई छोड़ गया था। इसकी सूचना मिलते ही वह स्वयं मौके पर पहुंच गए और मरीज को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसके खाने पीने, इलाज की व्यवस्था करा दी गई है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सराय हरीराम वि. ख. होलागढ़, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ 2022-23/

**अल्पकालीन निविदा**

दिनांक : 03.12.2022

ग्राम पंचायत सराय हरीराम विकास खण्ड होलागढ़ में अंत्योष्टि स्थल निर्माण हेतु सामग्री यथा ईट, गिट्टी, बालू, सरिया, सीमेंट, टीन सेड, इत्यादि की होने वाली आपूर्ति रजिस्टर्ड फर्म द्वारा दिनांक 04.12.2022 से दिनांक 08.12.2022 तक निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 09.12.2022 को अपराह्न 3 बजे उपस्थिति फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत की स्वीकृत आकलन के अनुसार होगा। निविदा ग्राम पंचायत के 2022–23 के कार्य में प्रभावी होगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | सराय हरीराम में अंत्योष्टि स्थल का निर्माण | 24.50 (लाख) |

किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्राधिकार जनपद प्रयागराज होगा।

**वंदना यादव**
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत सराय हीरराम
वि. ख. होलागढ़, प्रयागराज

**राम शिरोमणि तिवारी**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत सराय हीरराम
वि. ख. होलागढ़, प्रयागराज।


# मनाया गया सशस्त्र सेना झंडा दिवस, मौजूद रहे जिलाधिकारी प्रयागराज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बुधवार को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर कार्यालय द्वारा समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम संजय कुमार खत्री, आई0ए0एस0, जिलाधिकारी, प्रयागराज को कैप्टन(नौसेना) भारतेन्द्र सिंह कॅवर (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, प्रयागराज ने प्रतीक झण्डा लगाया तथा जिलाधिकारी महोदय ने स्वैच्छिक अंशदान देकर धन संग्रह का शुभारम्भ किया एवं समस्त जनपद वासियों/सभी अधिकारियों से देश की सुरक्षा एवं अखण्डता की रक्षा के लिये अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर





सैनिकों की वीरांगनाओं, अपंग सैनिकों व भूतपूर्व सैनिकों के सहायतार्थ इस राष्ट्रीय कार्य में दिल खोलकर अधिक से अधिक दान देने की अपील की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निदेशालय सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उ0प्र0, लखनऊ द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया गया। ततपश्चात कैप्टन(नौसेना) भारतेन्द्र सिंह कॅवर (अ0प्रा0) द्वारा मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी (नगर), मर्तण्ड प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0 एवं रा0), अपर जिलाधिकारी (आपूर्ति) तथा अपर मुख्य राजस्व अधिकारी, प्रयागराज को प्रतीक झण्डा लगाया गया तथा उनके द्वारा स्वैच्छिक अंशदान देते हुए अधिक से अधिक दान देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की गयी। उक्त कार्यक्रम में एन0सी0सी0 ग्रुप हेडक्वार्टर प्रयागराज के ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर के0पी0 कृष्णानन तथा 17 यूपी एन0सी0सी0 बटालियन के कमाण्डिंग आफीसर कर्नल विक्रम दुबे, सेना मेडल और 16 यूपी एन0सी0सी0 बटालियन, 1 यूपी नेवल बटालियन के कम्पनी कमाण्डर कैप्टन वैभव पाण्डेय एवं एन0सी0सी0 अधिकारियों और एन0सी0सी0 कैडेटों ने उपस्थित होकर फ्लैग मार्च कर सहयोग प्रदान किया।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** बुधवार की सुबह घूरपुर रेलवे ट्रैक पर खून से सने अर्ध नग्न युवक की शव पड़ा मिला देखा तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिए भेजा।

घूरपुर थाना के ठीक सामने एक इंटर कालेज के समीप मुंबई रेल मार्ग पर राहगीरों ने खून से सने एक अर्ध नग्न 30वर्षीय युवक का शव पड़ा देखा तो लोगो की भीड़ जुट गई। मृत युवक के शरीर पर सिर्फ एक अंडरवियर था। उसके समीप ही समीप रूमाल और अन्य कपड़े भी बिखरे पड़े थे। जिसमे खून लगे हुए थे। और घटना स्थल पर भी खून दिखे। युवक के चेहरे पर गहरे चोट के निशान थे। जिससे प्रत्यक्ष दर्शियों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने ट्रेन से गिरने हवाला दे रही है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद हत्या या दुघर्टना की बाते स्पष्ट हो जायेगी।

# एक नंबर से चूके अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, नियुक्ति पर विचार करने के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की सबसे विवादित शिक्षक भर्ती मानी जाने वाली 69000 शिक्षक भर्ती में एक प्रश्न के गलत उत्तर होने का विवाद अब सुलझता नजर आ रहा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में बुधवार को हुई सुनवाई के बाद उन अभ्यर्थियों को राहत मिल सकती है, जो इस भर्ती में एक नंबर कम होने की वजह से नियुक्ति से वंचित रह गए थे। इस मामले को लेकर हाईकोर्ट ने पीएनपी सचिव को नियुक्ति पर विचार करने के लिए दो महीने का समय दिया गया है। साल 2019 के पहले महीने की 6 तारीख का आयोजित 69000 शिक्षक भर्ती की परीक्षा में एक प्रश्न था, ह्यशैक्षिक प्रशासन उपयुक्त विद्यार्थियों को उपयुक्त शिक्षकों द्वारा समुचित शिक्षा प्राप्त करने योग्य बनाता है, जिससे वे उपलब्ध अधिक साधनों का उपयोग करके अपने प्रशिक्षण से सर्वोत्तम को प्राप्त करने में समर्थ हो सकेंह्ल। इस प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प ह्य(1) एसएन मुखर्जी द्वारा (2) कैम्बेल द्वारा (3) वेलफेयर ग्राह्म द्वारा (4) डा. आत्मानंद मिश्रा द्वारा दिए गए थे। बोर्ड ने विकल्प तीन को सही माना था।

इसी प्रश्न को लेकर आपत्ति जताई गई थी और अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिकाएं दर्ज कर दी थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 25 अगस्त 2021 प्रश्न के चारों उत्तरों को गलत माना और आदेश दिया कि एक नंबर से फेल अभ्यर्थियों का पुनर्मूल्यांकन कर नियुक्ति दी जाए। हाई कोर्ट के आदेश के विरुद्ध सरकार सुप्रीम कोर्ट गई थी लेकिन वहां उसकी विशेष अपील नौ नवंबर 2022 को खारिज हो चुकी है।

इसके बाद बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश परीक्षा नियामक प्राधिकारी (पीएनपी) सचिव को 69000 शिक्षक भर्ती मामले में 25 अगस्त 2021 को दिए गए आदेश का अनुपालन करने के लिए दो महीने का अतिरिक्त समय दिया है।

न्यायमूर्ति रोहित रंजन की अदालत में बुधवार को सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी ने कोर्ट के आदेश के अनुपालन के लिए शपथ पत्र दाखिल किया। इस पर न्यायालय ने 25 अगस्त 2021 के अपने आदेश का अनुपालन करने के लिए दो माह का अतिरिक्त समय दिया। प्रकरण में अगली सुनवाई 9 फरवरी 2023 को होगी। गौरतलब है कि अभ्यर्थियों ने उत्तर कुंजी में एक प्रश्न के उत्तर को लेकर आपत्ति जताई थी। हाई कोर्ट ने चारों विकल्प को गलत माना था और एक अंक देकर मेरिट के अनुसार याचीगण की नियुक्ति पर विचार का निर्देश दिया था। इस भर्ती में एक अंक नहीं दिए जाने से करीब एक हजार अभ्यर्थी चयन से वंचित हो गए थे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत ओझा पट्टी वि. ख. जसरा, प्रयागराज

**अल्पकालीन निविदा**

पत्रांकः मेमो/ पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजना/ निविदा/2022-23/ दिनांक : 05.12.2022

पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत निम्न लिखित निर्माण कार्यो को कराने / सामग्री की आपूर्ति हेतु क्षेत्र पंचायत जसरा में पंजीकृत ठेकेदारों / सामग्री आपूर्तिकर्ताओं से निविदाएं सीलबन्द लिफाफे में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 06–12–2022 को दोपहर 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय में देखी जा सकती है। किसी एक व समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत अधिकारी को होगा। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 06.12.2022 को सायं 4 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक–पृथक निविदा डाली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का विवरण | ग्राम पंचायत | योजना/ मद | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य रू. में | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तेजधारी के खेत से समया माता मंदिर तक WBM कार्य | ओझा पट्टी | पन्द्रहवां वित्त /राज्य वित्त | 300000 | 500 | 6000 | 1 माह |
| 2. | काली सड़क से बसहरा रोड तक WBM कार्य | ओझा पट्टी | पन्द्रहवां वित्त /राज्य वित्त | 500000 | 500 | 10000 | 1 माह |
| 3. | कुंआ से श्याम बिहारी के घर तक अंडरग्राउण्ड नाली कार्य | ओझा पट्टी | पन्द्रहवां वित्त /राज्य वित्त | 250000 | 500 | 5000 | 1 माह |
| 4. | नरेन्द्र सिंह के घर से राजन के घर तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण | ओझा पट्टी | पन्द्रहवां वित्त /राज्य वित्त | 500000 | 500 | 10000 | 1 माह |
| 5. | जोकट के घर से प्राथमिक विद्यालय तक नाली निर्माण कार्य | ओझा पट्टी | पन्द्रहवां वित्त /राज्य वित्त | 300000 | 500 | 6000 | 1 माह |
| 6. | नचकूल के घर से सामुदायिक शौचालय तक नाली निर्माण कार्य | ओझा पट्टी | पन्द्रहवां वित्त /राज्य वित्त | 300000 | 500 | 6000 | 1 माह |

नोट–निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय ओझा पट्टी से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यलय ओझा पट्टी में समस्त निविदाएं भी खोली जायेगी।

**भूपेश सिंह**
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत ओझा पट्टी
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

**नितेश कुमार**
ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ओझा पट्टी
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।

# पांच जनवरी को होगा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशनः एडीएम

## संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टेªट कक्ष में अर्हता तिथि एक जनवरी 2023 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक की गयी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी 2023 के आधार पर जनपद के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि 08 दिसम्बर 2022 तक दावे आपत्तियॉ प्राप्त की जायेंगी। उन्होने कहा कि सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को आलेख्य प्रकाशन के प्रयोगार्थ समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची उपलब्ध करा दी गयी है। उन्होने राजनैतिक दलों से कहा कि मतदाता सूची की गहनता से अपने-अपने अधीनस्थ बूथ लेबिल एजेन्टों के माध्यम से दिखवा लिया जाये। यदि कोई त्रुटि या किसी अर्ह मतदाता का नाम सम्मिलित करने से छूट गया हो तो 08 दिसम्बर 2022 तक आवेदन पत्र भरवाकर मतदाता सूची को अद्यावधिक कराने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें। उन्होने बताया कि दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 26 दिसम्बर 2022 तक किया जायेगा तथा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 05 जनवरी 2023 को किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अविलम्ब विधान सभावार/मतदेय स्थलवार बीएलए नियुक्त कर सूची जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध करा दें। बैठक में भारतीय जनता पार्टी से साधू दुबे, सीपीएम के लाल बहादुर तिवारी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राम बरन सिंह, अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी, बीएसपी से महेन्द्र कुमार, आरएलडी से आजादी अली, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मयार्दा का जीवन ही मनुष्य के लोक मंगल का प्रतीकः अतुल महराज

## दीवानी वार्ड मनीपुर में चल रही भागवत कथा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के दीवानी वार्ड मनीपुर में हो रही श्रीमदभागवत कथा विश्राम दिवस पर बुधवार को भक्ति संगीत की अनुपम प्रस्तुतियों के बीच गोविन्द राधे की महिमा का बखान हुआ। कथाव्यास प्रयागराज श्रृंगवेरपुर से पधारे अतुल महराज ने कहा कि जिस दिन मनुष्य दैहिक मोह तथा अपने विकार से स्वयं को मुक्त कर लेता है उसी दिन उसे परमात्मा की प्राप्ति की अनुभूति हो जाया करती है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने जीवन जीने का सबसे बडा संदेश मयार्दा के जीवन का दिया। उन्होंने कहा कि मानव शरीर जब तक मयार्दा की रेखा में रहती है तब तक उसका समाज मे गुणगान होता रहता है। मयार्दा की रेखा से बाहर आने पर वह चाहे पुरूष हो अथवा नारी उसका लोक जीवन कलंक के अभिशाप से ग्रसित हो उठता है। उन्होने श्रद्धालुओं को समझाया कि मयार्दा से एक बार बाहर आ जाने पर दोबारा जीवन में उसे मयार्दा का अलंकरण नही मिल पाता। अतुल जी महराज ने कहा कि गोविंद ने रासलीला में भी गोपिकाओं को उनके पतित्व धर्म की मयार्दा का साक्षात बोध कराया है। भगवान की प्राप्ति के लिए मनुष्य को सदैव अपने कर्म की सुचिता के प्रति सावधान रहना चाहिए। कथा के दौरान महिलाओं द्वारा प्रभु संकीर्तन और भागवत भगवान की मंगल वंदना से कथास्थली भक्तिभावना मे गुंजायमान हो उठी। कथा के संयोजक पं. भगवत प्रसाद मिश्र एवं उर्मिला मिश्रा ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। पं. गिरीश मिश्र व पं. माताफेर मिश्र तथा देवी प्रसाद मिश्र ने कथाव्यास को सम्मानित किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मानसमराल पं. रामफेर पाण्डेय, उमाशंकर मिश्र, नरेन्द्र नारायण तिवारी, साधना तिवारी, नवीन शुक्ला, उदयशंकर दुबे, केडी मिश्र, बृजेश द्विवेदी, मनीष मिश्र, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश, आचार्य दिवाकर शुक्ल, दयाशंकर तिवारी, कंचनलता, सुधा मिश्रा, ज्योति, मंजू शुक्ला, भाग्यश्री, मुन्ना शुक्ला, शिवदर्शन त्रिपाठी, करूणाशंकर मिश्र, जमुना प्रसाद तिवारी, रमाशंकर मिश्र, आचार्य प्रमोद मिश्र, अजय मिश्र आदि रहे। सह संयोजक अशोक कुमार मिश्र व अनिल मिश्र ने आभार प्रदर्शन किया।

## सेल टैक्स व जीएसटी टीम की आने की भनक मिलते ही दुकानें हुई बन्द

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना के साप्ताहिक लगने वाले बाजार में बुधवार को नवाबगंज बाजार से गुलरहीबाग तक कपड़ा, रेडीमेट, जनरल स्टोर्स, बर्तन, जूता चप्पल आदि की दुकाने अचानक 4 बजे धड़ाधड़ बन्द होने लगी जिससे दुकान पर खरीददारी कर रहे ग्राहकों में हड़कम्प मच गया। ग्राहक लोग समझ नही पा रहे थे कि आखिर बात क्या है अफवाह में लोग एक दूसरे से सेल टेक्स व जीएसटी की टीम के आने की बात लोग कर रहे थे लेकिन जब और दुकानदारों से इस बाबत जानकारी किया तो वह भी कुछ सही नहीं बता सके। जब कि नवाबगंज चैराहे से गुलरहीबाग तक की छोटी दुकान से लेकर कपड़े रेडीमेड की शोरूम तक की बड़ी दुकानें अधिकारियों की आमद को लेकर अफवाह में बन्द रही समाचार भेजे जाने तक व्यापारी लोग उहापोह की स्थिति में पड़े रहे समय बीतने पर धीरे धीरे दुकानें खुलने लगी जो पहले की तरह सामान्य हो गई।

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर बच्चों ने भरा देश प्रेम का जोश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** धधुआ गाजन स्थित आइन्सटीन पब्लिक स्कूल मे बुधवार को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर छात्र छात्राओ ने देश के अमर शहीदो की स्मृति मे विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सशस्त्र सेनाओं के शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय झण्डे की गरिमा की मजबूती का सामूहिक संकल्प लिया गया। छात्रा अलिश्बा खानम, शिक्षा शुक्ला, जारा इरफान के द्वारा हम सब भारतीय हैं एनसीसी गीत पर खूब तालियां बजी। वहीं तान्या विद्यार्थी ने हिन्दी कविता की भी मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि निदेशिका श्रुति शुक्ला ने कहा कि देश की सशस्त्र सेनाओं के अदम्य साहस पर हम सभी भारतीयो को गर्व है। उन्होने छात्र छात्राओं को सशस्त्र सेनाओं मे भागीदारी को लेकर भी प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में संरक्षक विभवभूषण शुक्ल ने भारतीय सशस्त्र सेनाओं के सीमा रक्षा को लेकर दिये जा रहे योगदान को वंदनीय बताया गया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रधानाचार्य मनीष ओझा एवं संयोजन ज्ञानचंद्र राय ने किया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सौरभ मिश्र रहे। कार्यक्रम में बाल कलाकारों को निदेशिका श्रुति ने प्रशस्ति पत्र देकर हौंसला आफजाई भी की। इस मौके पर देवेन्द्र प्रताप सिंह, सत्य प्रकाश विद्यार्थी, अर्चना, रमेशपाल तिवारी, योगेन्द्र शुक्ल, अशोक ओझा, सुनील कुमार आदि रहे।

## आरोपियों के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट तथा गाली-गलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के पुहिला का पुरवा खैरा पूरे छेमी निवासी चंद्रिका प्रसाद यादव की पत्नी गुलाबकली ने दी गई तहरीर मे कहा है कि छः दिसंबर को सुबह साढे आठ बजे नाली के विवाद को लेकर विपक्षियो ने मारपीट की। गांव के विपक्षी सत्येन्द्र कुमार पटेल पुत्र महादेव, तुलसी पुत्र रामलाल, कमलेश पटेल पुत्र बैजनाथ लाठी डंडे से लैस होकर उसके घर घुस आये। आरोपियो ने पीडिता को मारते पीटते हुए गाली दी। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की रात सत्येन्द्र समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# भारत जोड़ो यात्रा की पदयात्रा को लेकर कांग्रेसियों ने की तैयारी बैठक

## 13 दिसम्बर को प्रतापगढ़ से अमेठी के लिये करेगी प्रस्थान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन व प्रचार-प्रसार हेतु प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में 11 से 21 दिसंबर 2022 तक प्रयाग राज जोन में पदयात्रा निकाली जा रही है, जो 12 दिसंबर को अपरान्ह प्रतापगढ़ पहुंचेगी। रात्रि विश्राम के उपरांत 13 दिसंबर को प्रतापगढ़ में पदयात्रा निर्धारित रुट पर चलेगी, अपरान्ह यात्रा अमेठी के लिए प्रस्थान करेगी।

उक्त यात्रा कार्यक्रम की तैयारी हेतु आज जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन पर जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश महासचिव व प्रतापगढ़ प्रभारी मुकुंद तिवारी व प्रदेश सचिव रंजीत सिंह सलूजा मौजूद रहे।

संचालन इरफान अली ने किया। बैठक में प्रदेश महासचिव मुकुंद तैयारी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि सभी साथी मनोयोग से कार्यक्रम की तैयारी में लग जाएं, जिस भी साथी को जो जिम्मेदारी दी गयी है, उसे निष्ठा से पूरी करें। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि यह यात्रा कार्यक्रम हम सबका है, हम सब को मिलकर इसे अच्छे ढंग से सम्पन्न करना है।

प्रतापगढ़ की गरिमा के अनुरूप इसे भव्य रूप से संपन्न करना होगा। इस अवसर पर प्रदेश सचिव रंजीत सिंह सलूजा, नरसिंह प्रकाश मिश्र, उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, डॉ0नीरज त्रिपाठी, वेदांत तिवारी, डॉ0 प्रशांत देव शुक्ल, सरोज कश्यप, महेंद्र शुक्ल, उत्सव भूषण पाल, प्रेम शंकर द्विवेदी, हरिश्चन्द्र सरोज, गल्ली तिवारी, सूर्य प्रकाश सुकल, श्याम शंकर तिवारी, सुधीर तिवारी, मनीष सिंह, मोनू मिश्र, सूबेदार यादव, बैजनाथ यादव, विवेक पांडेय, जावेद अहमद, मो0 यूनुस, अनवर हुसैन, डालमाण खान, योगेश यादव, आफाक भाई, अजीत प्रताप सिंह, आशुतोष तिवारी, उत्सव भूषण पाल सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# एएसपी की फटकार पर हमले मे मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एएसपी की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने पीडित पर चाकू से हमले की घटना मे आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के नेवाज खां निवासी देवीदयाल यादव के पुत्र रवीन्द्र कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती चार अक्टूबर को गांव मे दुर्गा पूजा पाण्डाल पर नौटंकी हो रही थी। रात पौने दो बजे जब वह घर मे सो रहा था तो उसकी पत्नी ने बताया कि किसी ने नौटंकी बंद करा दी है। घर से बाहर निकलने पर सांगीपुर थाना के शुकुलपुर निवासी सद्दाम पुत्र मकसूद ने उस पर चाकू से हमला बोल दिया। हालांकि पीड़ित बाल बाल बच गया। उस समय सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी और आरोपी को थाने ले गयी थी। बाद मे पुलिस ने उसे सिरफिरा बताकर छोड दिया था। इधर पुलिस द्वारा पीडित का मुकदमा न लिखने पर उसने जिले के एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र से मिलकर आप बीती सुनाई। एएसपी की फटकार पर पुलिस ने मंगलवार की रात घटना मे मुकदमा दर्ज किया है।

# दुर्लभ प्रजाति के हिरणों को रास आया कलापुर व गौखाडी का रिजर्व जंगल

## मृगों की चहल-कदमी से बढ़ी वन की शान, संरक्षण की नही है कोई व्यवस्था

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्लभ प्रजाति के हिरणों को कालापुर व गौखड़ी के रिजर्व जंगल का भौगोलिक वातावरण खूब रास आ रहा है। हिरणों की चहल-कदमी से वन की सुंदरता में चार चांद लग गए हैं। वहीं जानकारी के बावजूद वन विभाग इनके संरक्षण के लिए कोई पहल करता दिखाई नही दे रहा है।



रिजर्व जंगल में घूमते हिरण।

स्थानीय तहसील क्षेत्र स्थित कलापुर व गौखाड़ी रिजर्व जंगल सई नदी के किनारे पर स्थित है, जिसकी पहचान कभी खैर व शीशम के पेड़ के घने जंगल के रूप में हुआ करती थी, लेकिन आज जंगल में सिर्फ झाड़िया ही झाड़ियां नजर आती है। कई वर्षो से यहां का भौगोलिक वातावरण दुर्लभ प्रजाति के बारहसिंगा व बिना सींग वाले हिरणों को भा गया है। जंगलों में उनकी चहल-कदमी ने वन की सुंदरता में चार चांद लगा दिया है। सई नदी के किनारे स्थित जंगल की सुंदरता ही अजीब है। नदी तट पर जंगल और उसमें हिरणों का बसेरा का दृश्य बड़ा ही मनमोहक लगता है। यहां जब भी कोई आया तो इसका कायल हो ही गया। हालांकि वन विभाग की अनदेखी की वजह से जंगल के वन्य जीवों के संरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। विभाग की लापरवाही की वजह से शिकारी भी शिकार की तलाश में वन में घूमते नजर आते हैं। वहीं वनों की रखवाली में तैनात कर्मी तहसील मुख्यालय से ही अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। जंगल की स्थिति ही वन विभाग की लापरवाही को दशार्ती हुई दिखाई दे देती है।

### फसल की करनी पड़ती है रखवाली

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** वन के आस-पास स्थित गांव के किसानों को रात में खेतों की रखवाली करनी पड़ती है। हिरण कहीं उनकी फसल को नुकसान न पहुंचा दें, इसलिए वह रातों में मवेशियों के साथ हिरणों को हांकते रहते हैं। इस बाबत वन क्षेत्राधिकारी से जानकारी करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

### बिना नीलामी के लापता हुए रिजर्व जंगल से लाखो के पेड़

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पच्चासों वर्षो से नीलामी नही हुई तो आखिर जंगल के बेशकीमती पेड़ कहां गायब हो गए? वन कर्मियों की लापरवाही से रिजर्व जंगल झाड़ियों में तब्दील हो गया है। सकैड़ो बीघे में स्थिति लाखो के पुराने पेड़ विना नीलामी के ही गायब हो गए, जिसका विभाग के पास कोई जवाब नही है। कभी गौखडी के जंगल में विशालकाय खैर के वृक्ष व कलापुर में शीशम के पेड़ जंगलों की सुंदरता की छटा बिखरते थे।

# युवक को लाठी-डंडों से पीटकर किया जख्मी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आरोपियों द्वारा एक युवक से शराब पीने के पैसे की मांग करने पर पीड़ित ने जब इनकार किया तो आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर जख्मी कर दिया।

बीच-बचाव करने आए उसकी पत्नी को पीट दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के लबेदा गांव का रहने वाला फूलचंद्र पुत्र हुबलाल अनुसूचित जाति का है। मंगलवार की शाम 8 बजे उसके घर पर गांव के दो लोग पहुंचे और उससे शराब पीने के पैसे मांगने लगे। असमर्थता जताने पर उसे जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर जख्मी कर दिया। बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी को भी आरोपियों ने पीटकर जख्मी कर दिया किसी तरह जान बचाकर बुधवार को पट्टी कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया।

# तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं मे केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा घर मे घुसकर मारपीट व तोडफोड एवं गालीगलौज तथा धमकी समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। लालगंज निवासी शिवप्रसाद मिश्र की पत्नी सपना मिश्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती उन्तीस नवंबर को कूडा फेंकने के विवाद मे विपक्षी आशीष तिवारी पुत्र राजेन्द्र तिवारी तथा राजेन्द्र तिवारी पुत्र अज्ञात एवं राजेन्द्र की पुत्री मंजू ने उसके घर में घुसकर मारपीट की। आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए लाठी डंडे व धारदार हथियार से हमले मे पीडिता के पति शिव प्रसाद तथा सास व ससुर को मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपी आशीष के हमले मे उसके पति को सिर मे गंभीर चोटे आ गयी और वह बेहोश हो गया। शोर मचाने पर आरोपी गृहस्थी के सामान भी तोडकर नष्ट कर दिये। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। घायलों का ट्रामा सेंटर मे इलाज के बाद जिला चिकित्सालय मे इलाज कराया गया। पीडिता ने समाधान दिवस मे एसपी से मिलकर कार्रवाई की मांग की। एसपी की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की रात आरोपी आशीष समेत तीन के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

## रिटायर निरीक्षक व उप निरीक्षक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश

**प्रतापगढ़।** सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह की कोर्ट ने हत्या के मामले की सुनवाई के दौरान न आने वाले तत्कालीन निरीक्षक व उप निरीक्षक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। कोर्ट के डीजीसी योगेश शर्मा व एडीजीसी विक्रम सिंह ने बताया कि वर्ष 2015 में हत्या के मामले में नगर कोतवाली पुलिस के तत्कालीन निरीक्षक बलराम मिश्र ने मामले की विवेचना की थी।

## एमडीपीजी कालेज में आज से होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रो0 राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित युवोत्सव 2022 के अंतर्गत एमडीपीजी कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताएं आठ एवं नौ दिसंबर को होंगी। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में इच्छुक प्रतिभागी, विभागीय शिक्षकों अथवा कार्यक्रम के संयोजक डॉ पीयूष कांत शर्मा से संपर्क कर अपना नामांकन करा लें। डॉ पांडे ने बताया कि प्रतियोगिता में रंगोली, मेहंदी पोस्टर पेंटिंग, कार्टूनिंग, कोलाज, गायन, वादन, नृत्य आदि की प्रतियोगिताएं होंगी। विजेता विद्यार्थी जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे जो एमडीपीजी व पीबीपीजी कॉलेज में संपन्न होंगी।

# पूर्व सांसद अभय प्रताप सिंह की जयंती पर छात्रों व शिक्षकों ने किया उन्हें याद

## उनकी सादगी और शालीनता के सभी थे कायलः प्राचार्य

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी में प्रतापगढ़ राजघराने के महाराजा एवं जिले के पूर्व सांसद अभय प्रताप सिंह की 85वीं जयंती पर एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बड़े राजा के नाम से विख्यात महाराज का अद्भुत व्यक्तित्व उनकी शालीनता उनकी विनम्रता आज भी हम सबके मानस पटल पर अंकित है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए बीएड विभागाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बड़े राजा साहब का व्यक्तित्व एवं कृतित्व हम सबके लिए अनुकरणीय एवं प्रेरणास्पद है। महाराज का लोकसभा सांसद के रूप में जनप्रिय एवम जननायक की छवि आज भी हम सबके मन को उद्वेलित करती है। उनकी 85वीं जयंती पर हम उन्हें सादर नमन करते हैं। इस अवसर पर मुख्य नियंता डॉ राजीव सिंह, डॉ सी पी पांडेय, रश्मि सिंह, डॉ प्रणव ओझा, डॉ राकेश सिंह, डॉ कुलदीप सिंह, आशीष कुमार मालवीय, अजीत सिंह, देवेश सिंह डॉ0 नीरज त्रिपाठी, डॉ नीरज पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।



पूर्व सांसद अभय प्रताप सिंह (फाइल फोटो)

## वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर नवाबगंज उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने थाना क्षेत्र के ककरिहा गाव निवासी मो0 शकील उर्फ बब्बू पुत्र नजीर अहमद को बुधवार को उसके घर से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया जिसकी लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया। पुलिस की कार्रवाई से हड़कम्प मचा हुआ है।

# 12 दिन से गायब व्यक्ति की रोड किनारे तालाब में मिला शव

## पुलिस को सूचना देने के बाद यदि चेत जाती पुलिस तो रोकी जा सकती थी बड़ी वारदात

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के चांदीपुर परसरा गांव का एक युवक 26 नवंबर को घर से निकलने के बाद गायब हो गया था मामले की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी थी लेकिन पुलिस मामले में गंभीर नहीं हो सकी घटना के 15 दिन बाद युवक का शव परसरा गांव के पास सड़क किनारे तालाब में मिला है युवक के शव से दुर्गन्ध उठ रही थी जिससे प्रतीत होता है कि कई दिन पूर्व युवक की हत्या कर शव ठिकाने लगाया गया है तालाब के पास शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस



को दी गई घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

घटनाक्रम के मुताबिक कबाड़ी का काम करने वाले रंगबाज उम्र 30 वर्ष पुत्र बदलू पासी निवासी चांदीपुर परसरा कबाड़ी का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था 26 नवम्बर को घर से निकलने के बाद जब वह घर वापस नहीं लौटा तो घर वालों ने किसी अनहोनी घटना की आशंका जताते हुए स्थानीय पुलिस चौकी भरवारी में रंगबाज के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा कर तमाम छानबीन की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल रहा था बुधवार की सुबह जब नगर पालिका परिषद भरवारी के परसरा स्थित रोड के किनारे जलकुंभी से भरे तालाब की ओर राहगीर जा रहे थे तो उस ओर से जाने वालों को जब तेज दुर्गन्ध लगी तो लोगों ने देखा तो अचंभित रह गए मौके पर सड़ी गली लाश पड़ी थी तालाब में लाश की जानकारी मिलते ही जंगल में आग की तरह मामला आसपास फैल गया मामले की जानकारी परिजनों को हुई तो रोते बिलखते उसके परिवार के लोग मौके पर पहुँचे और रंगबाज पुत्र बदलू के रूप में लाश की शिनाख्त किया लाश देखते ही घटनास्थल पर कोहराम मच गया स्थानीय लोगों ने पुलिस चौकी भरवारी को सूचना दी चौकी इंचार्ज भरवारी फोर्स के मौके पर पहुंचे और जलकुंभी भरे तालाब में उतरा रहे शव को बाहर निकाला और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सवाल उठता है कि सूचना देने के बाद यदि पुलिस सक्रिय हो जाती तो शायद कबाड़ी के साथ इतनी बड़ी वारदात ना होती कई दिनों तक नगर पालिका क्षेत्र के तालाब में शव पड़ा रहा पुलिस को भनक तक नहीं लगी आखिर पुलिस का मुखबिर तंत्र क्या कर रहा था।

# सीएमओ कार्यालय के गायब अभिलेखों का नहीं लग सका सुराग

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले में नर्सिंग होम अस्पताल और क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन से संबंधित अभिलेख वर्षों पहले विभाग से गायब हो गए हैं मामले की जानकारी मिलने के महीनों बाद भी दोषी लिपिक पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुकदमा नहीं दर्ज कराया है गायब अभिलेखों को खोजने का प्रयास नहीं हुआ है बताया जाता है कि अस्पताल नर्सिंग होम क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन में फर्जी तरीके से रजिस्ट्रेशन जारी किए गए हैं फर्जी अभिलेखों के जरिए तमाम अस्पतालों का संचालन संबंधित लिपिक ने शुरू करा दिया था जब फर्जी रजिस्ट्रेशन की शिकायतें शुरू हुई तो रहस्यमय तरीके से अभिलेख को गायब कर दिया गया है जिससे फर्जी अस्पतालों के संचालन में व्यवधान ना पड़ सके अस्पतालों के फर्जी रजिस्ट्रेशन के मामले की भी जांच लटक गई है जिससे फर्जी तरीके से अस्पताल संचालन करने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं अस्पताल नर्सिंग होम क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन की जिम्मेदारी जिस लिपिक को सौंपी गई थी गायब

## वर्षों बीत जाने के बाद भी नहीं दर्ज कराया गया दोषी लिपिक के खिलाफ मुकदमा

करने का आरोप से संबंधित लिपिक पर लग रहा है लेकिन सीएमओ कार्यालय के इर्द-गिर्द घूमने वाले एक चर्चित लिपिक के सहारे इस गंभीर प्रकरण पर पर्दा डालने का खेल शुरू हो गया है विभाग से अभिलेख गायब हो जाने के मामले में जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेकर जांच कराई तो कई लिपिक पर मुकदमा दर्ज होना उनकी गिरफ्तारी होना निश्चित है लेकिन अभी तक इस गंभीर प्रकरण पर मुकदमा दर्ज कराकर दोषी लिपिक को गिरफ्तार नही किया गया है जिससे अवैध अस्पताल का संचालन बेखौफ तरीके से जारी है जहां इलाज के दौरान मरीजों से केवल धन वसूली होती है जहां इलाज में लापरवाही के चलते मरीजों की आए दिन मौत हो रही है यह मामला बेहद गंभीर है मरीजों की मौत को रोकना होगा और फर्जी अस्पतालों को बंद कराना होगा अस्पतालों के रजिस्ट्रेशन की पत्रावली को गायब करने वाले लिपिक पर कठोर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है लेकिन अभी तक दोषी पर कार्यवाही नहीं हो सकी है इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन काफी प्रयास के बाद उनसे बात नहीं हो सकी है।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 08 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर एक थाना पश्चिम शरीरा से दो थाना कोखराज से पांच कुल 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# एक बड़े अफसर पर शासन की नजर टेढ़ी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जनपद में जल निगम द्वारा पानी की टंकी बनाए जाने और पाइपलाइन बिछाए जाने का कार्य कराए जाने का की जिम्मेदारी सरकार ने दो बड़ी कंपनियों को दिया है दोनों कंपनियों ने जिले में डेरा जमा लिया है सरकार ने इस काम के लिए जेएमसी कंपनी और बाबा कंपनी को जिम्मेदारी सौंपी है और दोनों कंपनियों के कार्यों के मॉनिटरिंग करने के लिए तीसरी कंपनी को भी जिले में भेज दिया है यह तीसरी कम्पनी दोनों कंपनियों के द्वारा कराए गए कार्यो की गुणवत्ता पर सरकार को रिपोर्ट सौंपेंगे साथ ही साथ दोनों कंपनियों के कार्यों की रिपोर्ट के लिए जिले के अफसरों को भी सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं इन दोनों कंपनियों की पकड़ शासन सत्ता में होने के चलते इनके कार्यों पर उंगली उठाने वाले अधिकारियों को शासन के कोपभाजन का शिकार होना पड़ रहा है पाइप लाइन दिखाए जाने में जेएमसी कंपनी द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही है।

जिससे आम जनमानस परेशान है पाइप लाइन बिछाए जाने में गड्ढे खोदकर छोड़ दिए जाते हैं जिससे आम जनमानस और पशु गड्ढे में गिरकर चोटिल हो रहे हैं दोनों कार्यदायी संस्थानों के कार्यो की लगातार शिकायतें हो रही हैं लेकिन उसके बाद भी जेएमसी कम्पनी और बाबा कंपनी के ऊपर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है मानक को दरकिनार कर कार्य शुरू हो चुके हैं मामले को संज्ञान लेकर एक बड़े अफसर ने बाबा कंपनी और जेएमसी कंपनी के कार्यों से शासन को अवगत कराया जिस पर शासन ने जेएमसी कंपनी और बाबा कंपनी के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कराने के निर्देश देने के बजाय एक बड़े अफसर की नकेल कसना शुरू कर दी है सूत्रों की माने तो बड़े अफसर से शासन ने सवाल कर दस बिंदुओं पर जवाब मांग लिया है बड़े अफसर की नकेल कसते हुए शासन ने दस बिंदुओं पर जवाब देने को कहा है जिससे बड़े अफसर भी जेएमसी कम्पनी और बाबा कंपनी के मानक बिहीन कार्यों पर कारवाही कर शासन को अवगत कराने से पीछे हटने लगे हैं अब सवाल उठता है कि जब अफसरों पर ही गलत तरीके से दबाव बनाया जाएगा तो जल निगम का कार्य पारदर्शी तरीके से कैसे होगा और मोदी सरकार की हर घर जल और हर घर नल की योजना कैसे गुणवत्तापूर्ण लागू हो पाएगी

## दृष्टि दिव्यांग ने की भूख हड़ताल की घोषणा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कस्बे के नेता नगर के रहने वाले लालचंद वर्मा दृष्ट दिव्यांग व्यक्ति ने अधिकारियों को भेजे पत्र में बताया कि उनके पैतृक जमीन पर नगर पालिका मंझनपुर कब्जा कर रहा है उन्होंने बताया कि कई बार मामले को लेकर वह डीएम और एसडीएम से मिल कर अपनी पैतृक संपत्ति का हवाला दे चुके हैं उनका कहना है कि उनकी जमीन पर नगरपालिका ने मुकदमा किया था जिस पर वह मुकदमा भी अदालत से जीत चुके हैं लेकिन फिर भी योगीराज में अधिकारियों से उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है उनकी जमीन पर नगरपालिका कब्जा कर रहा है न्याय न मिलने से आहत दिव्यांग लालचंद वर्मा ने राष्ट्रपति प्रधानमंत्री सहित बिभिन्न लोगो को भेजे पत्र में कहा है कि यदि उन्हें प्रशासन से न्याय नहीं मिला तो वह खाना पीना त्याग करके भूख हड़ताल करेंगे।

# अवैध निर्माण को बुलडोजर लगाकर गिराए जाने का आयुक्त ने दिया निर्देश

## आयुक्त के निर्देश के 24 घंटे बाद भी मंझनपुर तहसील प्रशासन नहीं गिरा सका अवैध निर्माण

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले में आयुक्त प्रयागराज के निर्देश का कितना पालन होता है इसको देखना है तो आपको मंझनपुर तहसील क्षेत्र के करारी क्षेत्र में चलना होगा जहां सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण को गिराए जाने के निर्देश आयुक्त ने मंझनपुर तहसील प्रशासन को दिया आयुक्त के निर्देश को 24 घंटे से अधिक बीत चुके हैं अवैध तरीके से निर्माण हुए भवन को आयुक्त प्रयागराज के निर्देश को 24 घंटे बीत जाने के बाद भी नहीं ध्वस्त कराया गया है अवैध कब्जा करने वाले लोगों को बचाव के रास्ते दिखाए जा रहे हैं राजनीति शुरू हो गई है सिफारिश होने लगी है और यह कहा जा रहा है कि अवैध निर्माण करने वाला अपने से निर्माण को ध्वस्त कर देगा प्रशासन उस पर जेसीबी लगाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराने का प्रयास नहीं कर रहा है शिकायतकर्ता से जेसीबी उपलब्ध कराए जाने की बात की जा रही है।

जबकि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने साफ शब्दों में कहा कि अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाकर तत्काल गिराया जाए लेकिन मंझनपुर तहसील क्षेत्र में योगी आदित्यनाथ का आदेश नही लागू होता दिख रहा है आयुक्त प्रयागराज का आदेश भी लागू होता नही दिख रहा है कानून व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी है और सब कुछ मनमानी तरीके से हो रहा है।

लगभग लगभग 1 महीने पूर्व एसडीएम मंझनपुर ने आदेश किया था कि बंजर भूमि पर जो निर्माण हुआ है उसको पूर्ण रुप से ध्वस्त करवाया जाए परंतु कानूनगो जेसीबी लेकर गए हैं और आधा अधूरा समतल कार्य करके वापस चले आए थे जब उनसे लोगो ने यह कहा कि बंजर भूमि का निर्माण पूर्ण रूप से समतल क्यों नहीं किया गया तो उन्होंने यह कह कर टाल दिया था कि आगे की तरफ कीचड़ है जेसीवी कीचड़ में नहीं जा पाएगी जब सूखेगा तब जेसीवी चलेगी और 04 दिसम्बर से उक्त बंजर भूमि में फिर अवैध निर्माण कार्य बड़ी तीव्र गति से शुरू हो गया लोगो ने जिसकी सूचना तत्काल कानूनगो को दी परंतु उसमें 6 दिसम्बर तक किसी भी प्रकार से रोक नहीं लगाया गया जिस पर लोग आयुक्त प्रयागराज मंडल से मिले और मंझनपुर तहसील के लुका छुपी खेल को उजागर किया शिकायतकर्ता की बात सुनकर आयुक्त ने तत्काल जेसीबी लगाकर अवैध निर्माण को धराशाई करने का निर्देश दिया लेकिन उनका निर्देश भी हवा हवाई ही साबित हो रहा है।

## एसबीआई कर्मियों की गुंडई और दबंगई से त्रस्त व्यापार मंडल पहुंचा डीएम के दरबार

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशांबी।** नगर पंचायत अझुवा के नवीन मंडी परिसर में स्थित भारतीय स्टेट बैंक कर्मियों की दबंगई शोरेपुष्टि से त्रस्त अझुवा व्यापार मंडल अध्यक्ष ने अपने सहयोगियों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचे और डीएम से गुहार लगाई है। ज्ञापन देते हुए अझुवा व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश चन्द्र अग्रहरी ने कहा एसबीआई में कार्यरत 2 लिपिक योगेंद्र और मिश्रीलाल कर्मी इतने मनबढ़ और गुंडा टाइप के है कि बिना मतलब के बैंक उपभोक्ताओं को मारने पीटने पर आमादा हो जाते हैं।

ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने डीएम को बताया कि व्यापारियों,किसान सुभाष की केवाईसी के लिए भी 10 दिन तक दौड़ाते हैं,पैसा ट्रांसफर,चेक ट्रान्सफर, आरटीजीएस के लिए भी 3 से 4 दिन का समय उक्त कर्मी लगा देते हैं यदि व्यापारी कुछ बोला तो मारने पीटने की धमकी भी देते हैं जिसका साक्ष्य बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज में देखे जा सकते हैं व्यापार मंडल के लोगों ने डीएम को बताया कि मिश्रीलाल स्थानीय होने के नाते व्यापारियों और किसानों से अभद्रता करता रहता है व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से दोनों दबंग बैंक कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र शारदा प्रसाद निवासी कोइली का पूरा मजरा पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस बल द्वारा वारटी अभियुक्त पृथ्वी पुत्र जगेश्वर पासी निवाड़ी फरीदपुर थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त भाई लाल पुत्र बुगुल पासी निवासी घुरीडीहा थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## बिना कमर्शियल के कृषि भूमि की बेखौफ तरीके से हो रही प्लाटिंग

### दर्जनों भू माफियाओं ने कृषि भूमि को प्लाट बनाकर हजारों लोगों को प्लाट की बिक्री किया प्रशासन बना मूकदर्शक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर सहित भरवारी सिराथू और आसपास के क्षेत्र में कृषि भूमि को बिना कमर्शियल भूमिका कराए प्लाट बनाकर बेचने का खेल भूमाफिया बेखौफ तरीके से खेल रहे हैं खुलेआम कृषि भूमि को प्लाट बनाकर बेचने के मामले में राजस्व विभाग के अधिकारी गंभीर नहीं है जिससे एक और जहां सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है वही प्लाटिंग करने के मामले में नियम कानून की धज्जियां खुले आम उड़ रही हैं जिससे योगीराज की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं लेकिन बेखौफ तरीके से कृषि भूमि को प्लॉट बनाकर बेचने वाले भूमाफियाओं पर अभी तक प्रशासन ने नोटिस देकर कार्यवाही नहीं की है गलत तरीके से प्लाट के धंधे में लगे भू माफियाओं से सरकारी नुमाइंदों ने सवाल तक नहीं पूछा है कि कैसे वह प्लाट बनाकर कृषि भूमि को बेच रहे हैं

# मुख्यमंत्री को झूठी सूचना देने वाले अफसरों पर नहीं हुई कार्यवाही

## आवास निर्माण की झूठी प्रगति दिखाकर वाहवाही लूट रहे हैं जिले के अफसर

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** प्रधानमंत्री आवास योजना में जमकर धांधली हो रही है जिससे गरीबों को छत नसीब नहीं हो रही है लेकिन उसके बाद भी सरकार को झूठी सूचना भेजकर आवास निर्माण योजना की सफलता पर अधिकारी वाहवाही लूटने का प्रयास कर रहे है मुख्यमंत्री द्वारा आवास लाभार्थियों को बधाई संदेश भेजे जा रहे है लेकिन उसके बाद मालूम चल रहा है कि जिनके आवास नहीं पूर्ण हुए हैं उन्हें भी आवास पूर्ण होने की बात लिख कर मुख्यमंत्री द्वारा बधाई संदेश भेज दिया गया है मामले का खुलासा होने के बाद भी झूठी सूचना देने वाले अफसरों पर कार्रवाई नहीं हो सकी है।

कड़ा विकासखंड क्षेत्र के हब्बू नगर गांव की श्रीमती पत्नी रत्तू पासी और सुग्गी देवी पत्नी रमेश को प्रधानमंत्री आवास सरकार के तरफ से स्वीकृत हुआ है लेकिन दोनों महिलाओं का प्रधानमंत्री आवास अभी पूर्ण नहीं हो सका है प्रधानमंत्री आवास का निर्माण पूर्ण ना होने के बाद भी 23 जुलाई 2022 को योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने पत्र भेजकर लाभार्थियों को लिखा है कि आपको प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त हुआ है इसके लिए आपको बहुत-बहुत बधाई।मुख्यमंत्री द्वारा भेजे गए बधाई पत्र मिलने के बाद जिले के अफसरों के झूठी सूचना देने की कलई खुल गई है मामले की शिकायत मुख्य विकास अधिकारी से कई दिन पहले की जा चुकी है लेकिन उसके बाद भी दोषी खंड विकास अधिकारी कड़ा एडीओ पंचायत कड़ा ग्राम पंचायत हब्बू नगर और ग्राम विकास अधिकारी हब्बू नगर पर कार्यवाही करते हुए उन्हें निलंबित नहीं किया गया है मुख्यमंत्री को झूठी सूचना देने वाले अफसरों को बचाने का क्यों प्रयास हो रहा है यह गंभीर मामला है और मुख्यमंत्री को झूठी सूचना देने के मामले की यदि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जांच कराते हुए मामले को गंभीरता से लिया तो कई अफसरों को दंड भुगतना पड़ सकता है कहीं ऐसा ना हो कि छोटे अफसरों की गुस्ताखी का दण्ड बड़े अफसर को भुगतना पड़ जाए इसलिए मुख्यमंत्री को झूठी सूचना भेजने वाले अफसरों के कारनामों को समय रहते बड़े अफसरों को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी कड़ा एडीओ पंचायत कड़ा ग्राम विकास अधिकारी अब्बू नगर और ग्राम प्रधान हब्बू नगर पर कठोर कार्रवाई कर उनके क्रियाकलापों पर उन्हें कठोर दण्ड दिए जाने की जरूरत है।

## बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दिया श्रद्धांजलि

**कौशाम्बी।** वृद्धाश्रम ओसा में बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर के 66 वीं पुण्यतिथि पर वृद्ध आश्रम के बुजुर्गों एवं वृद्ध आश्रम संचालक आलोक राय ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि करते हुए ₹महापरिनिर्वाण दिवस₹ के रूप में मनाया इस मौके पर वृद्ध जन आश्रम संचालक आलोक राय ने कहा कि बाबा डॉ भीमराव अंबेडकर ने समाज के सभी वर्गों के लिए समाजिक समानता दिलाने के लिए संघर्ष किया है संघर्ष के प्रतीक व संविधान निमार्ता अंबेडकर जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई, सभी ने हाथ जोड़कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## सरकारी जमीन पर कब्जा कर सरकार को लगा रहे चुना

**अखंड भारत संदेश**

**जनपद मुख्यालय।** मंझनपुर के ओसा रोड कोडर समदा रोड भड़ेसर नहर रोड सिराथू रोड मंगरोहनी रोड कोर्री रोड ओसा और समदा सहित विभिन्न सड़कों पर कई वर्षों से दर्जनों भूमाफिया कृषि भूमि को प्लाट बनाकर बेचने में लगे हुए हैं इतना ही नहीं बंजर आबादी ऊसर नवीन परती तालाब कुआं शत्रु संपत्तियों की भूमि को भी भू माफियाओं ने बेचकर धन अर्जित कर लिया है और प्रशासन बेखबर रह गया जनपद मुख्यालय में कृषि भूमि को प्लाट बनाकर बेचने के बाद कृषि भूमि की नियम बिरुद्ध तरीके से उप निबंधक कार्यालय में रजिस्ट्री भी हो रही है जबकि छोटे छोटे कृषि भूमि की प्लाट पर रजिस्ट्री किए जाने पर स्टांप शुल्क अधिक वसूले जाने का नियम है लेकिन उसके बाद भी यह गोरखधंधा बेखौफ तरीके से नियम विरुद्ध तरीके से मुख्यालय में चल रहा है सूत्रों की माने तो कृषि भूमि को प्लाट बनाकर विक्रय करने वाले भू माफियाओं का कहीं रजिस्ट्रेशन भी नहीं है और सस्ते दर पर प्लाट खरीद कर करोड़ों कमाने वाले भूमाफिया आयकर की भी बड़ी चोरी कर रहे हैं लेकिन सब कुछ खुलेआम होने के बाद प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है कृषि भूमि को बिना कमर्शियल कराए प्लाट बेचने वाले इन दर्जनों माफियाओं को चिन्हित किए जाने की जरूरत है लेकिन अभी तक प्रशासन कोई कार्यवाही करता नहीं दिख रहा है

## चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 216 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनों का चालान कर 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

## रेटिंग चैस चैंपियनशिप का होगा आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन कौशांबी और मोहन लाल इंटरनेशनल स्कूल सोखदा कौशांबी के संयुक्त तत्वावधान में 16वी उत्तर प्रदेश फिडे रेटिंग चैस चैंपियनशिप का आयोजन मोहन लाल इंटरनेशनल स्कूल सोखदा इमामगंज में 10 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक खेली जायेगी सचिव ने बताया कि इस चैंपियनशिप के प्रथम चार खिलाड़ी राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता जो की 22 दिसम्बर से दिल्ली में हो रही है उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे इस प्रतियोगिता में अपनी प्रविष्ट के लिए प्रतिदिन प्रातः 9.30 पर विद्यालय में इन्टीं कन्फर्म करे।

## दीवाल खड़ी कर रास्ते मे दरवाजा करना चाहते हैं दबंग

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के चरवा गांव की गीता पत्नी भल्लू पासी ने चरवा थाने में तहरीर देकर बताया कि रास्ते की जमीन पर दरवाजा लगाकर दबंग कब्जा कर रहे हैं मना करने पर गाली गलौज मारपीट करते हैं उसका कहना है कि रास्ते की जमीन को उसने दूसरे से खरीदा था लेकिन दबंगों की नियत खराब है और उसके रास्ते की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं गीता ने अपनी जमीन को किसी और को देकर बदले में उसकी जमीन में बदल कर रास्ता बनाया था गीता का कहना है कि पड़ोस का एक व्यक्ति उसी जमीन की तरफ दरवाजा खड़ा कर रहा है गीता ने जब उसको मना किया तो वह लड़ाई झगडे में उतारू हो गया पीड़ित ने इस मामले में डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी मौके पर पुलिस पहुँची पुलिस के माना करने के बाद भी दबंग नही मान रहे हैं और रास्ते को बंद कर दरवाजा लगा रहे हैं रास्ते में जबरिया दरवाजा लगाए जाने की शिकायत चरवा थाना पुलिस से की गई है।

## आहरण वितरण अधिकारियों को एन0सी0एस0 से निकासी एवं प्रत्याहरण का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज कुमार त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि दिनांक 01.04.2005 से लागू राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के क्रियान्वयन में जनपद कोषागार एवं आहरण वितरण अधिकारियों को विभिन्न स्तरों पर बहुधा समस्याओ यथा-एन0सी0एस0 से निकासी एवं प्रत्याहरण आदि से भिज्ञ कराने के लिए दिनांक 15.12.2022 को उदयन सभागार में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक केन्द्रीय अभिलेखपाल अभिकरण (सी0आर0ए0) के प्रबन्धक राकेश चौहान द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने समस्त कार्यालयाध्यक्षों से दिनांक 15.12.2022 को उदयन सभागार में प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के लिए आग्रह किया है।

संपादकीय

# ईरान में उम्मीद की किरण

**ईरान में** पिछले तीन महीनों से हिजाब विरोधी प्रदर्शन महिलाएं कर रही थीं, जिसमें रविवार को उन्हें बड़ी सफलता मिली। ईरान की सरकार ने मॉरैलिटी यानी नैतिक पुलिस को खत्म करने का फैसला लिया है। गौरतलब है कि मॉरैलिटी पुलिस का काम देश में इस्लामिक ड्रेस कोड को लागू करना है। ईरान में 1983 से सभी महिलाओं के लिए सार्वजनिक रूप से अपना सिर ढंकना अनिवार्य है। दुनिया के बाकी देशों की तरह ईरान की महिलाओं को भी अपने अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष का लंबा दौर देखना पड़ा है। 1979 तक जब ईरान पर शाह का नियंत्रण था, शासन की आधुनिक नीतियों के कारण महिलाओं को कई क्षेत्रों में आजादी हासिल हुई थी। उनके पास हिजाब पहनने या न पहनने का विकल्प था, 1963 में वोट देने का अधिकार उन्हें मिला और परिवार संरक्षण अधिनियम ने महिलाओं के लिए विवाह की आयु बढ़ा दी, बहुविवाह को कम कर दिया, अस्थायी विवाहों पर प्रतिबंध लगा दिए। लेकिन उसके बाद 1979 में इस्लामिक क्रांति होने के बाद से फिर से उन पर पाबंदियां बढ़ने लगीं। हिजाब की अनिवार्यता इसका एक उदाहरण है। इसी के कारण सितंबर में 22 बरस की महसा अमीनी को हिजाब 'ठीक से ना' पहनने के आरोप में मॉरैलिटी पुलिस ने हिरासत में लिया था। जब अमीनी को हिरासत में लिया गया तो वह अपने भाई के साथ थीं। पुलिस हिरासत में ही 16 सितंबर को अमीनी की मौत हो गई थी। आरोप है कि उनकी मौत मॉरैलिटी पुलिस की प्रताड़ना के कारण हुई। लेकिन पुलिस के मुताबिक मौत का कारण दिल का दौरा था। कारण जो भी हो, सच तो ये है कि एक 22 साल की निर्दोष लड़की को धर्म के ठेकेदारों ने प्रताड़ित किया। अमीनी की मौत के तीन दिन के बाद बड़ी तादाद में ईरानी महिलाएं सड़कों पर उतर आईं और तब से ईरान में देशव्यापी प्रदर्शन चल रहा है। सरकार प्रदर्शनकारियों के दमन में लगी हुई है। सैकड़ों लोगों की मौत विरोध प्रदर्शन के दौरान हो चुकी है। ईरान की महिलाओं के समर्थन में वहां के नामी-गिरामी लोग भी सामने आ रहे हैं। कतर में चल रहे फीफा मुकाबले में ईरान की टीम ने राष्ट्रगान के वक्त जिस तरह चुप्पी साध ली थी, वो इसका ज्वलंत उदाहरण है। ईरान की सरकार ने हिजाबविरोधी आंदोलन को दबाने की भरपूर कोशिश की।

# रोहिणी का अनुकरणीय त्याग

**खुशी** की बात है कि राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का किडनी प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक हो गया। उनके परिजनों ने सोमवार को जानकारी दी थी कि सिंगापुर में उनका आपरेशन कामयाब रहा। अभी वे कुछ दिन अस्पताल में ही स्वास्थ्य लाभ करेंगे। लालू प्रसाद यादव के स्वस्थ होने की कामना उनके परिजनों और पार्टी कार्यकर्ताओं समेत देश के बहुत से लोग कर रहे थे। पिछड़ी जातियों को राजनीति के जरिए सशक्त करने और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने एक सफल राजनैतिक पारी खेली और जब वे सक्रिय रूप से मैदान में नहीं थे, तब भी उनका असर किसी न किसी तरह दिख ही जाता था। दरअसल मौजूदा दौर की राजनीति में धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के साथ डटकर खड़े होने और अन्याय के खिलाफ बोलने की कीमत चुकाने वाले बहुत कम नेता बच गए हैं, लालू जी उनमें से एक हैं। इसलिए उनके शुभचिंतक और अनुयायी चाहते हैं कि वे स्वस्थ होकर शीघ्र वतन वापस आ जाएं। लालू प्रसाद को नया जीवन देने में कुशल डॉक्टरों के साथ-साथ उनकी बेटी रोहिणी आचार्य का अतुलनीय योगदान रहा है। सिंगापुर में अपने परिवार के साथ रह रहीं रोहिणी ने अपने पिता को एक किडनी दान दी है। मानव शरीर में किडनी या गुर्दे का काम रक्त के शुद्धिकरण का होता है। एक स्वस्थ व्यक्ति में किडनी के काम करने की क्षमता 90 मिलीलीटर प्रति मिनट से ऊपर होनी चाहिए। अगर ये 15 मिलीलीटर प्रति मिनट से नीचे जाए, तो डायलिसिस या ट्रांसप्लांट की सलाह दी जाती है। ट्रांसप्लांट का मतलब है किसी अन्य व्यक्ति के शरीर की दो किडनियों में से एक किडनी को मरीज के शरीर में लगा देना। मरीज की दोनों किडनियां वहीं मौजूद रहती हैं, और तीसरी किडनी अलग से प्रत्यारोपित की जाती है। किडनी दान दो तरह से होता है, एक तो मरीज के सगे संबंधी किडनी दे सकते हैं, और अगर परिजन किसी वजह से न दे पाएं, तो मरीज के मित्रों-परिचितों में जो स्वेच्छा से किडनी देना चाहे। दूसरा तरीका उस व्यक्ति की किडनी लगाने का हो सकता है, जिसकी मृत्यु हो गई हो या वह ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया हो। चिकित्सा विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है कि अब अंगदान के जरिए मरीज को नया जीवन मिल सकता है। हृदय, नेत्र, किडनी, फेफड़े ऐसे तमाम अंगों को मृतक के शरीर से निकालकर बीमार व्यक्ति के शरीर में लगाने का चमत्कार अब विज्ञान के जरिए संभव है। ऐसे कई प्रकरण सामने आए हैं, जब अपने किसी प्रिय की मौत के बाद परिजनों ने मृतक के अंगों को दान देने का फैसला किया, और उस वजह से किसी अन्य व्यक्ति को नई धड़कनें मिलीं, किसी को नयी नेत्रज्योति।

# शीतकालीन सत्र सार्थक संवाद का माध्यम बने



**लोकतंत्र** में सफलता की कसौटी है- संसद की कार्रवाही का निर्विघ्न संचालित होना। संसद के शीतकालीन सत्र शुरू होने से पूर्व ही हंगामा होने के आसार दिखाई दे रहे हैं। यह कोई नई-अनोखी बात नहीं है। क्योंकि समूचे विपक्ष ने इस सत्र को हंगामेदार करने की ठान ली है। जहां तक महंगाई, बेरोजगारी, चीन सीमा, सरकारी प्रतिष्ठानों एवं एजेन्सियों के कथित दुरुपयोग, कॉलेजियम जैसे मुद्दों को उठाने एवं इन विषयों पर सरकार से जबाव मांगने का प्रश्न है, यह स्वस्थ एवं जागरूक लोकतंत्र की निशानी है। लेकिन इन्हीं मुद्दों को आधार बनाकर जहां संसद की कार्रवाई को बाधित करने की स्थितियां हैं, यह अलोकतांत्रिक है, अमर्यादित है। शीतकालीन सत्र लोकतांत्रिक समझौते के साथ समझ को विकसित करने का उदाहरण बने, यह अपेक्षित है। समझौते में शर्तें व दवाब होते हैं जबकि समझ नैसर्गिक होती है। इन्हीं दो स्थितियों में जीवन का संचालन होता है और इन्हीं से राष्ट्र, समाज और लोकतंत्र का संचालन भी होता है। लोकसभा के उपनेता एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने यह संकेत दिया कि संसद के मौजूदा सत्र में महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण जैसे विषय उसकी प्राथमिकता में होंगे। यह तो सर्वविदित है कि विपक्ष गत कुछ समय की कतिपय राजनीतिक घटनाओं से उत्साहित एवं आक्रामक हुआ है। इन्हीं बुलन्द हुए हौसलों में विपक्ष की तरफ से संसद में जिन मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की जहां कोशिश होगी, वहां सत्तापक्ष को इन विषयों पर विपक्ष की ओर से उठाए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए तत्पर रहना चाहिए। विपक्ष को यह आभास कराना ही चाहिए कि उसका उद्देश्य अपने सवालों के जवाब पाना है, न कि हंगामा कर सदन की कार्यवाही ठप करना। सत्तापक्ष को इसके लिए भी तत्पर रहना चाहिए कि संसद के इस सत्र में प्रस्तावित विधेयक पारित हों। ये विधेयक व्यापक विचार-विमर्श के साथ पारित होने चाहिए। जब कभी आवश्यक विधेयक संसद में अटके रह जाते हैं तो इससे कुल मिलाकर देश को नुकसान होता है। संसद में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श होना चाहिए, ताकि देश को कोई दिशा मिल सके, विकास के कार्यों को गति मिल सके, लेकिन इसके स्थान पर आरोप-प्रत्यारोप अधिक होना दुर्भाग्यपूर्ण है। कई बार तो इसे लेकर गतिरोध कायम हो जाता है जो संसद के अमूल्य समय की बबार्दी है। मौजूदा माहौल में सरकार के लिए चर्चा से इनकार करना मुश्किल होगा, लेकिन विपक्ष को भी इस बात का ध्यान रखना होगा कि अधिक आक्रामक रुख अख्तियार कर वह संसद की कार्यवाही को बाधित करने तक सीमित न रह जाए। ऐसा होने से लोकतंत्र की मूल भावना पर आघात होता है। विपक्ष सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने और सत्र को सुचारुरूप से चलाने के लिए पहल करें एवं एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करें। विपक्ष के तेवरों को देखते हुए यही प्रतीत हो रहा है कि वह दोनों सदनों में सरकार की घेराबंदी के किसी मौके को नहीं छोड़ना चाहेगा, ऐसी स्थितियां बनना देशहित में नहीं है। विरोध या आक्रामकता यदि देशहित के लिये, ज्वलंत मुद्दों पर एवं समस्याओं के समाधान के लिये हो तभी लाभदायी है। लोकमान्य तिलक ने कहा भी है कि - ह्यमतभेद भुलाकर किसी विशिष्ट कार्य के लिये सारे पक्षों का एक हो जाना जिंदा राष्ट्र का लक्षण है ह्व राजनीति के क्षेत्र में आज सर्वाधिक चिन्तनीय विषय है- विपक्षी दलों का सत्तापक्ष के प्रति विरोध या आक्षेप-प्रत्याक्षेप करना। सत्ता पक्ष को कमजोर करने के लिये संसदीय कार्रवाई को बाधिक करना और तिल का ताड़ बनाने जैसी स्थितियों से देश का वातावरण दूषित, विषाक्त और भ्रान्त बनता है। देश की संसद को निरपेक्ष भाव एवं सकारात्मक ढंग से राष्ट्रीय परिस्थितियों का जायजा लेते हुए लोगों को राहत प्रदान करने के प्रावधानों पर चिन्तन-मंथन के लिये संचालित करना होगा। संसद केवल विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच वाद-विवाद का स्थल नहीं होती है बल्कि जन हित में फैसले करने का सबसे बड़ा मंच होती है। इसके माध्यम से ही सत्तारूढ़ सरकार की जवाबदेही और जिम्मेदारी तय होती है और जरूरत पड़ने पर जवाबतलबी भी होती है परन्तु यह भी सच है कि सत्ता और विपक्ष की संकीर्णता एवं राजनीतिक स्वार्थ देश के इस सर्वोपरि लोकतांत्रिक मंच को लाचार भी बनाते हैं जो 130 करोड़ जनता की लाचारी बन जाते हैं। कहना कठिन है कि संसद के शीतकालीन सत्र में क्या होगा, लेकिन अच्छा यह होगा कि राजनीतिक दल उन देशों की संसद में होने वाली कार्यवाही को अपना आदर्श बनाएं, जहां प्रत्येक विषय पर धीर-गंभीर एवं सार्थक बहस होती है। आखिर अपने देश में अमेरिका और ब्रिटेन की संसद की तरह से बहस क्यों नहीं हो सकती? यदि संसद में होने वाली बहस का स्तर ऊंचा उठ सके तो देश सबसे बड़े लोकतंत्र के साथ-साथ श्रेष्ठ लोकतंत्र की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ सकता है। लेकिन संसद में होने वाली बहस के गिरते स्तर के चलाते उसकी गरिमा में गिरावट आ रही है और आम जनता संसदीय कार्यवाही को लेकर उत्साहित नहीं होती। 29 दिसम्बर तक चलने वाले सत्र के दौरान सरकार की तरफ से 16 विधेयक पेश करने की योजना बनाई गई है। यदि विपक्ष हंगामा करने को अपना मकसद नहीं बनाता और सत्तापक्ष उसकी ओर से उठाए गए मुद्दों को सुनने के लिए तत्पर रहता है तो संसद का यह शीतकालीन सत्र एक कामकाजी सत्र का उदाहरण बन सकता है। संसद में केवल ज्वलंत मसलों पर उपयोगी चर्चा ही नहीं होनी चाहिए, बल्कि विधायी कामकाज भी सुचारुरूप से होना चाहिए। यदि संसद को अपनी उपयोगिता और महत्ता कायम रखनी है तो यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है कि वहां पर राष्ट्रीय महत्व के मसलों पर सार्थक चर्चा हो। यह चर्चा ऐसी होनी चाहिए, जिससे देश की जनता को कुछ दिशा एवं दृष्टि के साथ राहत मिले, नयी योजनाओं एवं विकास को गति मिले। संसद में राष्ट्रीय महत्व के प्रश्नों पर सार्थक चर्चा के लिए दोनों ही पक्षों को योगदान देना होगा। संसद सत्र के पहले सर्वदलीय बैठकों में इसके लिए हामी तो खूब भरी जाती है, लेकिन अक्सर नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही अधिक रहता है।

> खुशहाल भारत को निर्मित करने के लिये आइये! अतीत को हम सीख बनायें। उन भूलों को न दोहरायें जिनसे हमारी रचनाधर्मिता जख्मी हुई है। जो सबूत बनी हैं हमारे असफल प्रयत्नों की, अधकचरी योजनाओं की, जल्दबाजी में लिये गये निर्णयों की, मुफ्त की संस्कृति में अकर्मण्य होने की है

संसद राज्यों की सरंक्षक एवं मार्गदर्शक भी है और जब हम भारत के विभिन्न राज्यों की तरफ नजर दौड़ाते हैं तो सर्वत्र बेचैनी, समस्याओं एवं अफरातफरी का आलम देखने को मिलता है। हर बार की तरह इस बार संसद के भीतर बिखरे विपक्ष को एकजुट करने की कोशिशें हो रही हैं। यह एकजुटता अच्छी बात है, लेकिन इसकी सकारात्मकता भी जरूरी है। एक बात और, विपक्ष आक्रामक रहकर भले ही अपनी राजनीतिक बढ़त बनाने की कोशिश करे, लेकिन इसके बावजूद वह विधायी कार्य में कोई अड़ंगा न डाले। किसी भी तौर पर यह भविष्य की नजीर नहीं बननी चाहिए क्योंकि एक व्यक्ति की हिमाकत पूरे लोकतन्त्र को प्रदूषित नहीं कर सकती। हमारी संसद तभी लोकतन्त्र में सर्वोच्च कहलाती है जब यह अपने ही बनाये गये नियमों का शुचिता, अनुशासन एवं संयम के साथ पालन करती है। अगर हम संसद में बैठे राजनीतिक दलों की हालत देखें तो वह भी बहुत निराशा पैदा करने वाली लगती है। कहने को कांग्रेस विपक्षी पार्टी है मगर जिन राज्यों में वह सत्ता में है उनमें आपस में ही इसमें सिर फुटव्वल का वातावरण बना हुआ है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान में होने के बावजूद अशोक गहलोत एवं सचिन पायलेट के बीच एक दूसरे को पछाड़ने का संघर्ष लगातार चल रहा है। जो पार्टी को नहीं जोड़ पा रहे हैं, वे भारत को क्या जोडेंगे? अन्य विपक्षी दलों में ही ऐसी स्थितियां देखने को मिलती है। लेकिन इन विपक्षी दलों के कारण कई बार संसद में हंगामा ही अधिक होता है और काम कम। यह सिलसिला तब तक कायम रहेगा, जब तक सत्तापक्ष और विपक्ष यह नहीं समझते कि संसद सार्थक संवाद का मंच है, न कि हल्ला एवं हंगामा करने का क्रीडांगण।

# क्या भ्रष्टाचार हमारे देश में यथार्थ का रूप ले चुका है

निर्मल रानी

**देश** की सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई से जब देश के एक 'प्रसिद्धि प्राप्त' टी वी एंकर ने सर्वोच्च न्यायालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर इसकी वास्तविकता जानने के लिये सवाल किया कि- क्या सुप्रीम कोर्ट में भी भ्रष्टाचार है? इस पर जस्टिस गोगोई ने बड़े ही दार्शनिक अंदाज में इस सवाल का जवाब देते हुये कहा कि -भ्रष्टाचार उतना ही पुराना है जितना कि समाज। भ्रष्टाचार जीवन का एक तरीका बन गया है जीवन का ऐसा तरीका जिसे लोग अब स्वीकार्य करते हैं पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि, जज आसमान से नहीं गिरते हैं। गौर तलब है कि जो 'प्रसिद्धि प्राप्त' टी वी एंकर जस्टिस गोगोई से सुप्रीम कोर्ट में व्याप्त भ्रष्टाचार पर सवाल पूछ रहा था वह स्वयं भी देश के एक प्रसिद्ध उद्योगपति से रिश्वत मांगने के आरोप में तिहाड़ जेल की यात्रा कर चुका है और उस एंकर पर नजर रखने वाले लोग अब उसके नाम के साथ 'तिहाड़ी ' लगाकर उसके ' भ्रष्ट कारनामों ' की याद ताजा करते रहते हैं। स्वयं जस्टिस गोगोई को भी जिस समय राज्य सभा का सदस्य बनाया गया था उस समय वे भी कई तरह के विवादों से घिरे हुये थे। इससे पूर्व सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज रहे जस्टिस मार्कंडेय काटजू भी देश की न्यायपालिका पर गंभीर टिप्पणी कर चुके हैं।




प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन पद पर रहते हुये जस्टिस मार्कंडेय काटजू ने न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर एक बड़ा रहस्योद्घाटन करते हुये यह दावा किया था कि तमिलनाडु के एक जिला अदालत के जज पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप होने के बावजूद उसे मद्रास हाई कोर्ट का एडीशनल जज बनाया गया था। यह तो चंद उदाहरण मात्र हैं जिनसे इस बात का केवल संकेत मिलता है कि जिन अदालतों में धर्म ग्रंथों पर हाथ रखकर सच बोलने की कसमें खिलाई जाती हों जिनके फैसले 'परमेश्वर ' के फैसले समझे जाते हों,जिनके फैसलों पर टीका टिपण्णी करना 'तौहीन-ए-अदालत ' समझा जाता हो,उन्हीं अदालतों के बारे में जब स्वयं पूर्व मुख्य न्यायाधीश यह कहने लग जाये कि, भ्रष्टाचार जीवन का एक तरीका बन गया है और जज आसमान से नहीं गिरते हैं, तो समझ लेना चाहिये कि देश भ्रष्टाचार में आकंठ डूब चुका है। कभी कभी टिप्पणीकार लिखते हैं कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं कम भ्रष्ट होती हैं। परन्तु जब पूजा सिंघल,नीरा यादव व टीनू जोशी जैसी अनेक महिला प्रशासनिक अधिकारियों के भ्रष्ट एवं काले कारनामों का जिक्र आता है तो यह धारणा भी वैसे ही ध्वस्त हो जाती है जैसे कि न्यायपालिका के ईमानदार होने की धारणा। तो क्या सत्ताधीशों द्वारा दिया गया यह नारा कि -'न खाऊंगा न खाने दूंगा ',यह जमीनी हकीकत से दूर महज एक लोक लुभावन नारा मात्र बन कर रह गया है ? वैसे भी राजनीति और भ्रष्टाचार का तो चोली दामन का साथ माना जाता है। आज तक देश के आम लोग इन सवालों के संतोषजनक उत्तर नहीं पा सके कि सरपंच के चुनाव से लेकर लोकसभा के चुनावों तक में लाखों और करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाने वाले प्रत्याशी किस आस और उम्मीद के साथ और किन स्त्रोतों से इतने पैसे खर्च करते हैं। और यह भी कि चुनावी जीतने से पहले का 'गरीबदास' चुनाव जीतते ही अचानक 'अमीर चंद ' कैसे बन जाता है? इन शर्मनाक परिस्थितियों में फिर चाहे मोरबी का झूला पुल टूट कर सैकड़ों लोगों की जान लेले,या नए नए हाइवे व चमचमाती सड़कों पर गड्ढे पड़ जायें। सीवर के मेनहोल लीक कर जमीन में गड्ढा बना डालें या रेलवे अंडर पास पानी से भर जायें। चाहे 6 क्वेंटल गांजा चूहे खा जायें या बांधों के तटबंध टूट जायें।

चाहे एक ईमानदार सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को टूटी फूटी गड्ढेदार सड़कों के चलते जनता से सार्वजनिक तौर पर मुआफी क्यों न मांगनी पड़ जाये।

परन्तु यदि भ्रष्टाचार का बोल बाला है तो कुछ भी संभव है। इस समय पूरे देश में निर्माण कार्य व विकास के नाम पर जो अभूतपूर्व लूट मची है ऐसी पहले कभी नहीं देखी गयी। और प्रायः हर जगह नेता-अधिकारी-ठेकेदार का नेटवर्क दोनों हाथों से देश के लोगों की टैक्स की कमाई लूट रहा है। पर्यावरण संरक्षण के नाम पर भी कई जगह भ्रष्टाचार का नंगा नाच होते देखा जा रहा है। पिछले दिनों मध्य प्रदेश से आई एक खबर के अनुसार राज्य सरकार ने जंगल को बढ़ाने के मकसद से 1600 करोड़ रुपए खर्च कर कागजों पर बीस करोड़ पौधे लगा डाले। बारह वर्षों के अंदर कागजों पर तो करोड़ों पेड़ जरूर लग गये परन्तु वास्तव में इसी दौरान 207 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का जंगल घट गया। इसतरह के 'जादुई आंकड़े' केवल हमारे ही देश में देखने सुनने को मिल सकते हैं।

ऐसा लगने लगा है कि जो भारत और यहाँ के सरबराह दुनिया के समक्ष आदर्श गढ़ने की बातें करते रहते हैं,जहां नैतिकता, सात्विकता,धर्म और सेवा,पुण्य-पाप,सत्कर्म,परोपकार आदि की बातें चीख चीख कर की जाती हों उसी 'भारत महान' में इंसान पैसों के लिये भ्रष्टाचार की सभी सीमाओं को पार करता जा रहा है। धर्म-कर्म-न्याय-राजनीति कोई भी क्षेत्र भ्रष्टाचार से अछूता नहीं रह गया है। इन हालात में इंसानी जेहन में यह सवाल पैदा होना लाजिमी है कि क्या भ्रष्टाचार हमारे देश में यथार्थ का रूप ले चुका है।

# नैतिक शिक्षा भारत के वैश्विक विकास की संभावना

संजीव

**भारतवर्ष** सदैव आध्यात्मिक और वैदिक भारत के रूप में संपूर्ण विश्व में जाना जाता रहा है। अध्यात्म से जुड़े हुए हमारे ऐतिहासिक महापुरुषों के कारण भारत सदैव आदर की दृष्टि से देखा जाता है। अध्यात्म और नैतिक शिक्षा भारत के लिए एक बहुत बड़ी पूंजी तथा संपत्ति है, जो हमें विरासत में प्राप्त हुई है। आध्यात्मिकता के दम पर ही भारत ने विश्व में वैदिक शास्त्र, अध्यात्म का परचम लहराया है। वैदिक दर्शन और अध्यात्म दर्शन भारतीयता का ऐतिहासिक परिचायक है। आध्यात्मिक शक्ति एवं वैदिक ऊर्जा के कारण भारत के महापुरुष सदैव सच्चरित्र और ब्रह्मचर्य का पालन करते आए हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने भी सत चरित्र को अपने जीवन का अंग बना कर अनेक वैदिक ग्रंथों की रचना भी की है जो प्रत्येक भारतीय जनमानस के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ बन गए हैं। रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा, विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अनेक ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने सत्चरित्र और अध्यात्म के दम पर भारत को विश्व में सर्वोच्च मुकाम भी दिलाया है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कहा है की सच्चरित्र केवल एक व्यक्ति का ना होकर संपूर्ण राष्ट्र का होना चाहिए। अनेक यूरोपीय विद्वानों ने और भारतीय अध्यात्म के मनीषियों ने सत और चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात करने के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए और दोनों को मिलाकर सत्चरित्र शब्द को बड़े विस्तार से समझाया है। अध्यात्म और योग शक्ति ही मनुष्य को सच्चरित्र बनाने में हमेशा मददगार रही है क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति की एकाग्रता तथा ज्ञान में वृद्धि होकर मन ईश्वर के प्रति श्रद्धानवत होता है और ईश्वर के प्रति जो व्यक्ति अगाध श्रद्धा रखता है वह सदैव अपने चरित्र के प्रति विशेष सावधान रहकर सच्चरित्र व्यक्तित्व ही बनाता है।

यह कहावत एकदम सत्य प्रतीत होती है की "सद्गुण है सच्ची संपत्ति दुर्गुण बड़ी विपत्ति" यह तो निश्चित है की सदाचारी परोपकारी संयमशील, इमानदार ,निष्ठावान नागरिक सच्चरित्र होकर एक महान राष्ट्र को जन्म देता है ।वहीं दुष्ट चरित्र व्यक्ति काम, क्रोध, कामना और लालच में पड़कर अपनी जिंदगी को नर्क बना कर दिया सदैव अशांत रहता है, अशांत नागरिक किसी भी कार्य में स्थिरता अथवा प्रगति प्रदान नहीं कर सकता है, वह अपने समाज तथा देश को कमजोर करने का ही कार्य करता है। धन और संपत्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण चरित्र को बलवान बनाने वाली आध्यात्मिक शिक्षा ही है। धन-संपत्ति नष्ट होने पर किसी भी व्यक्ति का बड़ा नुकसान नहीं होता पर यदि चरित्र चला जाए तो उसका सम्मान यश तथा सामाजिक स्थिति एकदम निकृष्ट बन जाती है उसका समाज में अपमान होने लगता है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति या नागरिक समाज में सिर उठाकर नहीं चल सकता ।ऐसा व्यक्ति समाज के उत्थान में कोई योगदान देने के काबिल नहीं रह जाता। इसलिए मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण आवश्यकता आध्यात्मिक शिक्षा एवं चरित्रवान जीवन है। सुभाष चंद्र बोस,महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, सरोजनी नायडू और अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में सच्चरित्र जीवन और मानसिक आध्यात्मिक शक्ति एवं ऊर्जा के कारण ही स्वतंत्रता संग्राम में पराधीन भारत को स्वतंत्रता दिलवाई थी। किसी भी देश के नागरिक को एक दिन में सच्चरित्र नहीं बनाया जा सकता बल्कि बालकों को बाल्यकाल से ही नैतिक शिक्षा से शिक्षित किया जाकर सदाचार का पाठ पढ़ाया जाना चाहिए। यह सर्वविदित है कि मनुष्य के चरित्र और व्यक्तित्व पर देश परिस्थितियां शिक्षा और समाजिक व्यवहार का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है और नैतिकता सदाचार का पाठ किसी भी व्यक्ति को एक दिन में नहीं पढ़ाया जा सकता है। दुष्ट चरित्र पुरुष समाज में कभी भी प्रसिद्धि प्राप्त नहीं कर सकता सदैव अपनी बदनामी के कारण सिर झुका कर छुप कर घूमता है, इसीलिए भारतीय चिंतकों, मनीषियों ने लिखा और कहा है की चरित्र सदाचार की रक्षा मनुष्य को संपूर्ण प्रयास कर निरंतर करते रहना चाहिए। क्योंकि नागरिकों का नैतिक और सदाचारी स्वभाव और व्यवहार राष्ट्रीय संपत्ति होता है और यही संपत्ति राष्ट्र को एक सशक्त राष्ट्र और उत्कृष्ट देश बनाने में सदैव सहायक होता है। आध्यात्मिक शिक्षा सदाचार सद्गुण और चरित्र यह मनुष्य के बहुत ही महत्वपूर्ण आंतरिक तत्व हैं और इसी से मनुष्य का सकारात्मक व्यक्तित्व निर्मित होकर महान राष्ट्र की पृष्ठभूमि को अवलंबित करता है।

## नकलचियों की नकली दुनिया

डॉ. सुरेश कुमार

**न** जाने क्यों मुझे रह-रहकर मूर्धन्य 'ष' की चिंता सताती रहती है। प्रदूषण से भरा श हर जगह हावी है। लगता है कभी-कभी ङ् अपने लुप्त होते उच्चारण की चिंता में आत्मदाह कर लेगा। न जाने कौन धीरे-धीरे शिरोरेखा को मिटाता जा रहा है। मौके-बेमौके खड़ी पाई को चुराता चला जा रहा है। नागरी के सारे अंक अपनी विलुप्तता का रोना अकेले में रोए जा रहे हैं। उन्हें कोई पूछने वाला नहीं है। मानो विदेशज के शब्दों ने देशज शब्दों को अंतरिक्ष में फेंक दिया है। यौगिक धातुओं के जमाने में हम स्टील, फाइबर सोडियम क्लोराइड के आदि हो चुके हैं। शुद्धता अब हमें कतई नहीं भाती। मिक्स्ड प्रवृत्ति को अपना स्वभाव बनाने के आदी हो चुके हैं। दूरदर्शन के रामायण वाले हनुमान से नजर हटी तो बैटरी वाले हनुमान दिखाई दिए जो प्लास्टिक का पहाड़ उठाए पौराणिक ज्ञान को बाँचने का काम कर रहे हैं। बच्चों के हाथों में चल छैंया छैंया वाले प्लास्टिक के बने खिलौने वाले मोबाइलों की जगह असली मोबाइलों ने ले ली है, जो बड़ों की कद्र तो दूर उनके कहे को सो बोरिंग पकाऊ पिपुल कहकर आदर्श उवाचों को कचरे की पेटी में डालना अपना स्टेटस समझ रही है। अब किसी भी घर में पुरानी नानियों के पहियों वाला काठ का नीला-पीला घोड़ा नहीं दिखता। हाइब्रिड अमरूदों ने असली अमरूदों का गला ऐसे घोंटा जैसे उसकी कोई पुरानी दुश्मनी हो। उस असली अमरूद की तरह असली धरती कब की लुप्त हो चुकी है। लोग डुप्लीकेट और धरती डुप्लीकेट हो चली है।

## पन्नालाल हाल में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत क्रियान्वयन समिति की हुई बैठक



**अखंड भारत संदेश**
**उन्नाव ।** कलेक्ट्रेट स्थित पन्ना लाल सभागार में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक जिला मजिस्ट्रेट अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि 14 दिसंबर 2022 को सामूहिक विवाह का आयोजन विधानसभावार निकायवार संपन्न कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि निकट भविष्य में पंजीकरण जोड़ों के सापेक्ष अपने स्तर से भी तिथि निर्धारित करते हुए सामूहिक विवाह कराए जाएं।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. नीलम सिंह, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत एवं जनपद के समस्त खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत आदि उपस्थित रहे।

## रास्ते के विवाद में दो पक्षों में चली लाठियां महिलाएं भी नहीं रही पीछे जमकर चलाएं लात



घूसें

**अखंड भारत संदेश**
**अजगैन उन्नाव ।** अजगैन थाना क्षेत्र में रास्ते को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए। जिसमें लाठी डंडों से लेकर लात घूंसे भी चले। महिलाओं ने भी मारपीट में एक युवक घायल हो गया। अजगैन थाना क्षेत्र के पाली गांव की घटना जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें तीन युवक मिलकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर रहे हैं। जिसमें महिलाएं भी दिख रही है। पूरा मामला गांव से बाहर आने वाले रास्ते को लेकर पहले मामूली कहासुनी से शुरू हुआ। फिर गाली गलौज के बाद लाठी डंडों से मारपीट शुरू हो गई। जिसको जो मिला वह उसे लेकर एक दूसरे पर मारने लगे। जिसमें झगड़ा कर रहे व्यक्तियों के घर की औरतें भी आ गई। और जम कर लात घूंसे चले। जिसमें दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई हैं। मामला पुलिस तक पहुंचा तो दोनों पक्षों के लोगों को पकड़ कर शान्ति व्यवस्था भंग करने में केस दर्ज कर लिया है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर 40 हजार ठगे

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नौकरी दिलाने के नाम पर खुटहा प्रधान व उसके साले ने दंपती से 40 हजार रुपये ठग लिए है। आरोप लगाया कि न तो अभी तक नौकरी मिली और अब रुपये भी लौटाने से इंकार कर रहे हैं। पीड़ित दंपती ने एसपी को पत्र देकर रुपये दिलाने की मांग की है।

बुधवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के खुटहा गांव निवासी प्रेमबाबू व उसकी पत्नी गौरादेवी ने बताया कि आंगनबाडी सहायिका की नौकरी दिलाने का ग्राम प्रधान चंद्रशेखर कोटार्य व उनके साले सरवन ने वादा किया। आरोप लगाया कि इसके लिए उससे 60 हजार रुपये की मांग की।

गांव के कुछ और लोगों से इन्होंने नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये लिए हैं। जेवर गिरवी रखकर उन्होंने 40 हजार रुपये प्रधान व उसके साले को दिए। आरोप लगाया कि अब छह माह से ज्यादा का समय होने के बाद भी नौकरी नहीं मिली। रुपये लौटाने की बात कहने पर धमकी दी जा रही है।

दंपती ने एसपी व कोतवाली में दिए पत्र में रुपये दिलाने की मांग की है। उधर, प्रधान चंद्रशेखर कोटार्य ने कहा कि यह उनका पारिवारिक मामला है। रुपये नहीं लिए गए हैं। झूठा आरोप लगाया जा रहा है।

## डॉ. अम्बेडकर ने आर्थिक समता मूलक विकास को दिया मूर्त रुप : प्रो. प्रतिभा गोयल

**अयोध्या। डॉ. राममनो**हर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अम्बेडकर चेयर एवं अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को ह्लह्लडॉ. भीमराव अम्बेडकर की 66वीं पुण्य तिथि के अवसर पर ह्लविपन्न समूह के अर्थशास्त्र एवं डॉ. अम्बेडकर के विचारह्ल विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने कहा कि समाज के विपन्न वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को उठाने और समाज में बराबरी का दर्जा दिलाने में डॉ. अम्बेडकर के योगदान को भुलाया नही जा सकता है। उन्होंने आर्थिक समता मूलक विकास की परिकल्पना को मूर्त रुप दिया है। डॉ. अम्बेडकर के आर्थिक विचार आज भी प्रासंगिक है। क्योंकि उन्होंने आर्थिक मूल्यों को व्यावहारिक जीवन में अपनाये है। कुलपति प्रो. गोयल ने बताया कि विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव की बात है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग के अन्तर्गत आर्थिक विशेषता आधारित अम्बेडकर शोध पीठ की स्थापना की गई। इसमें समाज के अंतिम पायदान पर स्थित व्यक्ति भी डॉ0 अम्बेडकर पर शोध परक अध्ययन-अध्यापन कर सकता है। कुलपति ने कहा कि वर्तमान सरकार की आर्थिक समरसता की नीति एवं आर्थिक समाजवाद के लक्ष्य को प्राप्त करने में डॉ. अम्बेडकर के विचार निश्चित रूप से आधार स्तम्भ का कार्य करेंगे। राष्ट्रीय सेमिनार के मुख्य अतिथि अटल विहारी वाजपेयी केन्दीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के कुलपति प्रो0 ए0 डी0 एन0 वाजपेयी ने कहाकि समाज के गरीब वर्ग के लिए आय एवं सम्पत्ति का समान वितरण अति आवश्यक है। यदि हमें समरसता आधारित आर्थिक समाजवाद को लाना है तो डॉ. अम्बेडकर के विचार आधारित आर्थिक नीतियों को अवश्य अनुपालित करना होगा। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रो. राशि कृष्ण सिन्हा, पूर्व विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, डॉ. शकुन्तला मिश्रा पुर्नवास विश्वविद्यालय, लखनऊ ने डॉ. अम्बेडकर के सम्पति के समान वितरण के सिद्धान्त, रूपया की समस्या, कृषि श्रम की समस्या आदि तथ्यों पर बोलते हुए कहा कि यदि हम समाज के गरीब वर्ग का उत्थान चाहते है तो हमें धन के सकेन्द्रण की समस्या को पूर करना होगा। विशिष्ट अतिथि देवी आहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर मध्य प्रदेश के प्रो0 ज्ञान प्रकाश ने अम्बेडकर की मौद्रिक नीति का सामान्य जन पर प्रभाव विषय पर अपना उद्बोधन दिया।

# विकास खंड की ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे पशु आरोग्य मेले

**अखंड भारत संदेश**
**उन्नाव ।** जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे के निर्देशन में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 अनिल दत्तात्रेय पाण्डेय ने बताया कि पशुपालन विभाग में पं0 दीन दयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य शिविर मेले का आयोजन विकास खण्डवार किया जाना है।

प्रत्येक विकास खण्डवार पं0 दीन दयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य शिविर मेले का आयोजन 10 दिसम्बर से लेकर 31 दिसम्बर के मध्य किये जायेंगे। जिसमे 10 दिसम्बर 2022 को वि. खं. सफीपुर के ग्राम बृजपालपुर में, 11 दिसम्बर को वि. खं. औरास के ग्राम अटौरा में, 13 दिसम्बर को वि. खं. मियांगंज के ग्राम मल्हौली सरदारनगर में, 14 दिसम्बर को वि. खं. असोहा के ग्राम कांथा में, 15 दिसम्बर को वि. खं. पुरवा के त्रिपुरारपुर में, 16 दिसम्बर को वि. खं. फतेहपुर चैरासी के ग्राम विषय खेड़ा झूलूमऊ में, 18 दिसम्बर को वि. खं. गंज मुरादाबाद के लहरापुर में, 20 दिसम्बर को वि. खं. हसनगंज के पिलखना रसीदपुर में, 21 दिसम्बर को वि. खं. बिछिया के लालपुर में, 22 दिसम्बर को वि. खं. सुमेरपुर के कीरतपुर में, 24 दिसम्बर को वि. खं. नवाबगंज के ग्राम भौली में, 25 दिसम्बर को वि. खं. बांगरमऊ के ग्राम हीरापुर में, 27 दिसम्बर को वि. खं. हिलौली के ग्राम तिसन्धा में, 29 दिसम्बर को वि. खं. सि0 सरौसी के ग्राम पतारी में, 30 दिसम्बर को वि. खं. सि0 करन के ग्राम मैनहा में तथा 31 दिसम्बर 2022 को वि. खं. बीघापुर के ग्राम इन्देमऊ में किया जायेगा।

इस बात की भी जानकारी दी गई कि शिविर में पशुचिकित्सा, कृत्रिम गभार्धान, बधियाकरण, टीकाकरण, कृमिनाशक दवापान, लघु शल्य चिकित्सा के साथ-साथ अनुर्वरता बांझपन में ग्रसित दुधारू पशुओं को पूर्णतया निः शुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराकर उन्हे पुनः दुग्ध उत्पादन में लाया जाना है। कृषकों को उन्नत पशुपालन हेतु जागरूक एवं क्षमता विकास करना, पशुपालकों को सरकार की लाभकारी योजनाओं से अवगत कराना एवं लाभ प्राप्त कराना, कृषकों को संतुलित पशु आहार, वर्ष भर हरे चारे के उत्पादन, समय से पशु टीकाकरण हेतु सजग करना, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, स्वच्छ पशु प्रबन्धन की जानकारी उपलब्ध कराना, पशुओं की उत्पादकता में वृद्धि के साथ कृषकों पशुपालकों की आय में वृद्धि करना, मेले में आये इच्छुक पशुपालकों को पशुधन बीमा योजना की जानकारी उपलब्ध कराना, शासन की मंशा के अनुरूप कृषकों की आय को दोगुना करने में पशुपालन व्यवसाय पर विशेष जोर दिया जाये तथा डेरी पालन, बकरी पालन, कुक्कुट पालन आदि जैसी लाभकारी योजनाओं को अपनाकर नवयुवकों को स्वरोजगार उपलब्ध कराना है। जिससे कृषकों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके । उन्होंने जनपद के समस्त पशुपालकों एवं कृषकों से अपील की है कि शिविर मेलों में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर लाभ उठाये।

# हुनर है आपके अन्दर तो कामयाबी कदम चूमेंगी हीरे की पहचान एक जौहरी ही कर सकता है

## गंगा किनारे रहने वाली अब विश्व स्तर पर पहचान बनाएगी

**अखंड भारत संदेश**
**बांगरमऊ उन्नाव ।** आज केवल जिले में एक नाम सभी की जुबान पर है नाम है "अर्चना" अब यह नाम पहचान का मोहताज नहीं है बांगरमऊ तहसील के गंज मुरादाबाद ब्लाक क्षेत्र में आने वाला गांव रतई पुरवा जो गंगा कटरी में पड़ता है। किसी ने भी यह नहीं सोचा होगा कि इस छोटे से गांव में रहने वाली एक लड़की कभी अंडर 19 वर्ल्ड कप में क्रिकेट खेलेगी। जब यह सूचना रतई पुरवा में रहने वाले लोगों को मिली तो किसी को विश्वास ही नहीं हो रहा था कि मामूली से घर में रहने वाली एक लड़की कभी उनके गांव का नाम रोशन करेंगी। गांव में शिक्षा का स्तर अच्छा नहीं है। लेकिन अर्चना की कहानी भी कम रोचक नहीं है। बचपन में जब अर्चना 4 वर्ष की थी तब उसके पिता का बीमारी के चलते निधन हो गया था। उसकी मां पर परिवार का सारा बोझ आ गया दो अबोध बच्चों को पालना आसान नहीं होता। लेकिन अर्चना की मां ने सभी गम भूलाकर जिन्दगी में आगे बढ़ने को सोचा पैसों की कमी के कारण अर्चना ने अपने गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा ग्रहण की। और एक परीक्षा पास कर उसका एडमिशन गंज मुरादाबाद के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में हो गया। यही से बदली अर्चना की जिंदगी की सबसे बड़ी मूवमेंट विद्यालय में टीचर के रूप में जैसे भगवान हो।



शिक्षिका पूनम गुप्ता ने स्कूल की तरफ से विद्यालय में क्रिकेट का आयोजन कराया जिसमें पूनम गुप्ता ने अर्चना के हुनर को पहचाना। विद्यालय की पढ़ाई पूरी होने के बाद पूनम गुप्ता ने ही अर्चना का कानपुर क्रिकेट क्लब में दाखिला कराया। और उसका खर्च भी उठाया लेकिन पूनम गुप्ता को जैसे पहले से ही पता था कि अर्चना के अंदर कुछ कर गुजरने का हुनर है। तभी तो पूनम गुप्ता ने कभी अर्चना के विषय में बिना सोचे समझे ही सब कुछ करने को हमेशा तैयार रही। और आज उनके दिशा निर्देश में अर्चना ने भी अपने गुरु को निराश नहीं किया। अर्चना के भाई रोहित ने बताया कि जब यह खबर गांव में हम लोगों को मिली तो उनकी मां रोने लगी। जान नहीं पड़ा की मां आज खुशी में रो रही है। पूरा गांव एकत्र हो गया और बधाई देने वाले उनके घर पर पहुंचने लगे। रोहित ने बताया कि मां सावित्री पत्नी शिवराम पिता की मौत के बाद मां ने बहुत कष्ट उठाए हैं। अकेले ही हम लोगों की परवरिश की है मेरी बहन अर्चना शुरू से ही खेलकूद में अव्वल रही है। आर्थिक स्थिति ठीक न होने से निजी स्कूल में नहीं पढ़ पाई। हम लोगों ने सरकारी स्कूलों में ही शिक्षा प्राप्त की है। रोहित ने सबसे ज्यादा अपनी मां और अर्चना की टीचर पूनम गुप्ता को इसका श्रेय दिया है। बहन विश्व स्तर पर खेलेगी इससे ज्यादा मेरे लिए खुशी की क्या बात होगी।

# चित्रकूट में बनेगा यूपी का पहला ग्लास स्काईवॉक

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मयार्दा पुरुषोत्तम राम की तपोभूमि चित्रकूट में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से योगी आदित्यनाथ सरकार लगातार कार्य कर रही है। तुलसी जलप्रपात में यूपी का पहला ग्लास स्काईवॉक बनाया जाएगा। इसके लिए उप्र वन निगम ने चित्रकूट वन मंडल के मारकुंडी रेंज में झरने के ऊपर ग्लास स्काईवॉक ब्रिज बनाने का प्रस्ताव दिया है।

पहले इसे शबरी जलप्रपात कहा जाता था, लेकिन इस साल की शुरूआत में राज्य सरकार ने इसका नाम बदलकर तुलसी जलप्रपात कर दिया है। यहां 40 फीट की ऊंचाई से पानी की तीन धाराएं गिरती हैं।



ग्लास स्काईवॉक से नीचे जंगल का नजारा भी दिखेगा। ग्लास वॉक पूरा होने के बाद इस जगह पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में कई गुना वृद्धि होने की संभवना है। इस परियोजना में एक रॉक गार्डन, कैक्टस गार्डन और जलप्रपात के पास ईको टूरिजम एड-ऑन के रूप में व्यू शेड्स का भी प्रस्ताव है।

परियोजना की प्रेरणा राजगीर में बिहार के स्काईवॉक ग्लास ब्रिज से मिली है। वन विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि वे जल्द ही उन सलाहकारों से संपर्क करेंगे, जिन्होंने बिहार के कांच के पुल को डिजाइन किया था। यह देश की अपनी तरह की दूसरी परियोजना थी। पहला ग्लास स्काईवॉक ब्रिज असम में बनाया गया था। वन निगम ने शुरू में चंदौली में चंद्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य में चंद्रप्रभा नदी पर राजदरी-देवदारी झरने की पहचान की थी, लेकिन फिर इसके लिए चित्रकूट को चुना गया।

# पति-पत्नी का विवाद समाप्त करा परिवार को टूटने से बचाया

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर सामाजिक रिश्ते को बचाने के लिए पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र टीम ने पति-पत्नी के आपसी झगड़े को समाप्त कराकर दम्पत्ति जोड़े में सुलह कराते हुये शादी के अटूट बंधन को टूटने से बचाया।

पीड़िता सोना पत्नी छोटा भइया यादव उर्फ अजय यादव पुत्री मोतीलाल यादव निवासी कसहाई ने दिये पत्र में बताया कि पति अजय यादव एवं ससुरालीजन लडाई झगड़ा व मारपीट करते हैं। दहेज की मांग करते है एवं ससुराल में अपने साथ नही रख रहे है। परिवार परामर्श केंद्र ने पीड़िता की शिकायत को विस्तार



पूर्वक सुनकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हे पुलिस कार्यालय परिवार परामर्श केंद्र बुलाया। दोनो पक्षों को समझाया गया। दोनो पक्षों ने भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा पति-पत्नि के कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केंद्र ने दोनो को साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी। टीम में महिला आरक्षी रक्षा यादव, महिला आरक्षी दीपिका गौर व महिला आरक्षी सुरूचि चैधरी मौजूद रहीं।

## किशोरी से दुष्कर्म मामले में आरोपी को दस साल की कैद, तीस हजार रुपये का अर्थदंड

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिले में शौचक्रिया के लिए निकली किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, तीस हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बरगढ़ थाने में एक महिला ने अनिल कुमार के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला के अनुसार उसकी 15 वर्षीय पुत्री 23 मार्च 2016 को शाम को शौच करने के लिए गांव से बाहर गई थी। कुछ देर तक उसके घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की पर कोई जानकारी नहीं हुई। इसी दौरान ग्रामीणों ने बताया गया कि अनिल कुमार आदिवासी उसकी पुत्री को बरगलाकर ले गया है। लगभग एक सप्ताह तक तलाश के बाद भी पुत्री के न मिलने पर उसने बरगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इसके बाद बालिका बरामद हुई और आरोपी को जेल भेजा गया था। साथ ही पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश संजय के लाल ने दोषसिद्ध होने पर आरोपी अनिल कुमार को 10 वर्ष कारावास और 30 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

## घर में घुसकर युवती से दुष्कर्म, छेड़छाड़ दर्ज

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने आरोप लगाया कि उसके ही गांव के एक युवक ने घर में घुसकर दुष्कर्म किया। पुलिस सिर्फ छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कर रही है।

एसपी को दिए पत्र में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि मामला दो दिसंबर का है। इसमें पहले छेडछाड की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोपी लल्ला सिंह को पकड़कर जेल भेजा गया है।

## जिले में हैं क्रिकेट की अच्छी प्रतिभाएं



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रूकट।** चित्रकूट स्पोर्ट्स स्टेडियम में विगत 13 वर्षों से विकेट नहीं बनी हुई थी। वर्ष 2021-22 में जिले के तीन खिलाड़ियों का पहली बार स्पोर्ट्स छात्रावास में चयन हुआ है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने उक्त जानकारी जिलाधिकारी को दी। उन्होंने खेल हित में विकेट बनाने के निर्देश दिए।

डीएम के सहयोग से पहली बार पूरे मंडल में चित्रकूट स्पोर्ट्स स्टेडियम के अंदर टफ विकेट का निर्माण किया जा रहा है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने टफ विकेट बनाने की पहल करने पर विकेट प्रारंभ हो गया है। चित्रकूट के क्रिकेट खिलाड़ियों ने विजय कुमार का उनके इस सराहनीय कार्य के लिए फूल-मालाओं से स्वागत किया। एथलेटिक संघ के शक्ति सिंह का मालाओं से स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि क्रिकेट की अच्छी प्रतिभाएं चित्रकूट में है। सांसद ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रकाश की व्यवस्था कराई। अन्य सुविधाएं भी यहां के खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों को देखते हुए उपलब्ध कराई जाएंगी। खिलाड़ी उपलब्धियां भी दे, ताकि चित्रकूट का नाम रोशन हो सके। खिलाड़ियों को उपकरण के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

इस अवसर पर अंगद सिंह, अतुल चिन्मय, श्याम सुंदर, विवेक अग्रवाल, अजय अग्रवाल, मयंक गोयल, अशोक कुमार, गिरीश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल ने कार्यों की प्रशंसा की। खेल की प्रगति में हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

## सैनिकों की याद में मना सशस्त्र सेना झंडा दिवस



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस का शुभारंभ जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल अवधेश सिंह ने जिला जज विष्णु कुमार शर्मा और अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह को प्रतीक झण्डा लगाकर किया। इस दौरान जिला जज और अपर जिलाधिकारी ने दान पात्र में स्वैच्छिक दान किये। इस अवसर पर एनसीसी के कैडेट्स एवं पूर्व सैनिकों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों की वीर नारियों, अपंग सैनिकों व दीनहीन भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं आश्रितों के सहायता के लिए इस राष्ट्रीय पर्व में अधिक से अधिक दान दे।

## डीएपी की मारामारी जारी, महज चार समितियों में बंटी खाद

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** डीएपी खाद की किल्लत इन दिनों बढ़ती ही जा रही है। जिले के मात्र चार सहकारी समितियों में खाद का वितरण किया गया। अन्य सहकारी समितियों में खाद का वितरण न होने से किसान निराश होकर घर लौट गए। जिन सहकारी समितियों में खाद का वितरण हुआ वहां किसानों की भारी भीड़ लगी रही। नियंत्रण के लिए पुलिस तैनात रही।


डीएम अभिषेक आनंद ने कहा कि सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी। खाद की कालाबाजारी करने वालो पर कार्रवाई होगी। जिले के कर्वी सहकारी समिति, हन्नाविनैका, बरद्वारा व अर्की सहकारी समितियों में ही खाद बांटी गई। जहां किसान सुबह से खाद लेने के लिए लाइन में लगा रहा। महिला किसान भी शामिल रहीं। यहां सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा। अन्य समितियों में खाद न मिलने से किसान निराश होकर लौट गए। मऊ क्षेत्र के गाहुर, बरगढ़, पूरबपताई, खंडहा, की सहकारी समितियों में सुबह से ही किसान खाद लेने के लिए पहुंच गए थे। जहां खाद न मिलने से निराश होकर लौट गए।

मानिकपुर क्षेत्र के सरैंया, भौंरी में भी खाद किसानों को नहीं मिली। इससे किसानों में नाराजगी जतायी। किसानों ने बताया कि एक सप्ताह से खाद लेने के लिए समितियों में चक्कर लगा रहे है। इसके बाद भी खाद का वितरण नहीं किया गया।

# विदेश संदेश

## 'द सिटी ऑफ जॉय' जैसी चर्चित किताबों के लेखक डॉमिनिक लैपियर का निधन, पद्म भूषण से थे सम्मानित

**वाशिंगटन।** 'द सिटी ऑफ जॉय', 'फ्रीडम एट मिडनाइट' जैसी कई चर्चित किताबों के फ्रांसीसी लेखक डॉमिनिक लैपियर का 91 साल की उम्र में निधन हो गया। भारत में वह कोलकाता पर केंद्रित 'द सिटी ऑफ जॉय' किताब के लिए मशहूर थे। लैपियर की पत्नी ने उनके निधन की पुष्टि की। लैपियर को 2008 के गणतंत्र दिवस पर पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कोलकाता की मलिन बस्तियों से कुष्ठ रोग से पीड़ित बच्चों को बचाने के लिए अपनी पत्नी के साथ एक मानवीय संगठन की स्थापना की, जिसका नाम 'सिटी ऑफ जॉय फाउंडेशन' था।लेखक की पत्नी डॉमिनिक कोंचोन-लैपियर के हवाले से फ्रांसीसी अखबार 'वार-मेटिन' ने रविवार को कहा, ''91 साल की उम्र में डॉमिनिक लैपियर का निधन हो गया।'' माना जाता है कि 1980 के दशक से दंपति के फाउंडेशन ने भारत में कुपोषण और गरीबी के बीच कुष्ठ रोग और अन्य बीमारियों से जूझ रहे 9,000 बच्चों को बचाया।परोपकारी फाउंडेशन की




वेबसाइट पर कहा गया कि इसने 1,200 गांवों में तपेदिक से लड़ने में मदद की है, पीने के पानी के लिए 541 नलकूप खुदवाए। फाउंडेशन ने इन वर्षों में 50 लाख से अधिक रोगियों को चिकित्सा सहायता प्रदान की। फ्रांस के चेटेलिलॉन में 30 जुलाई, 1931 को जन्मे डॉमिनिक लैपियर यात्रा के प्रति अपने जुनून के लिए जाने जाते थे। कोलकाता (उस समय कलकत्ता) में शोध करते हुए, वह मदर टेरेसा के करीबी सहयोगी बन गए, जिन्होंने लैपियर को उनके जीवन और उनकी सिस्टर्स, मिशनरीज ऑफ चैरिटी के काम पर फिल्म के लिए लिखने का अधिकार दिया। फिल्म 'मदर टेरेसाः इन द नेम ऑफ गॉड्स पुअर' में मदर टेरेसा की भूमिका अभिनेत्री गेराल्डिन चैपलिन ने निभाई थी। अमेरिका और कई यूरोपीय चैनल पर यह फिल्म प्रसारित की गई थी। लैपियर की पटकथा को सर्वोत्तम मानवीय मूल्यों को संप्रेषित करने के लिए प्रतिष्ठित ह्यूमैनिटास पुरस्कार द्वारा भी नामांकित किया गया था। स्पीकर बुकिंग एजेंसी के अनुसार, लैपियर को पहली प्रसिद्धि तब मिली जब 17 साल की उम्र में उन्होंने 30 अमेरिकी डॉलर के साथ पेरिस छोड़ा और एक जहाज पर काम किया। अमेरिका में उतरते हुए, उन्होंने उत्तरी अमेरिका के चारों ओर 30,000 मील की यात्रा की।


इस यात्रा पर उन्होंने 'ए डॉलर फॉर ए थाउजेंड माइल्स' किताब लिखी जो काफी चर्चित हुई। वह नयी कहानियों और संदेशों के लिए लगातार दुनिया घूमते रहे। लैपियर, वर्ष 1954 में सैन्य सेवा पूरी करने के बाद लैरी कॉलिंस नामक अमेरिकी सैनिक से मिले। यह दोस्ती आगे चलकर काफी प्रगाढ़ हुई और दोनों ने कई किताबें लिखी। 'ओ यरुशलम', 'फ्रीडम एट मिडनाइट', ''द फिफ्थ हार्समैन' जैसी किताबें 30 से ज्यादा भाषाओं में प्रकाशित हुई।

## रूस पर यूक्रेन का हमलाः अमेरिका पर उकसाने का आरोप, बाइडन के मंत्री बोले- इसमें हमारा कोई हाथ नहीं

**मास्को।** यूक्रेन ने लगातार दूसरे दिन रूस में घुसकर उसके एक और वायुसेना अड्डे को तबाह कर दिया। ड्रोन हमले में वायुसेना अड्डे से आग की लपटें उठने की तस्वीरें भी सामने आई हैं। लगातार अपने ऊपर हमले से नाराज रूस ने इसके लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहरा दिया है। रूस का कहना है कि अमेरिका यूक्रेन को सैन्य मदद भेज रहा है। वहीं रूस के आरोप लगाने के बाद अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सफाई दी है। ब्लिंकन ने कहा कि हमारे ऊपर लग रहे आरोप बिल्कुल निराधार हैं। हमने यूक्रेन को हमले के लिए नहीं उसकाया है।

**अमेरिका ने हमले की निंदा नहीं की इसलिए बढ़ा शक**

दरअसल, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ड्रोन हमलों के मद्देनजर अपनी सुरक्षा परिषद बुलाई थी। इस बैठक में देश की सुरक्षा में सेंध लगाने को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक में सैन्य अधिकारियों ने अमेरिका को इस हमले के लिए सीधे तौर पर



जिम्मेदार ठहराया क्योंकि अमेरिका ने अब तक इस हमले की निंदा नहीं की। इतना ही नहीं इस बार यूक्रेन भी हमले को सीधे तौर पर स्वीकार करने से बच रहा है।

**रूस के कड़े तेवर और अमेरिका ने यूक्रेन को रोकी ॅझष्टरू मिसाइलों की आपूर्ति**

यूक्रेन द्वारा रूस पर हमले के बाद अमेरिका ने लंबी दूरी की ॅझष्टरू मिसाइलों को यूक्रेन को देने से इंकार कर दिया। अमेरिका को डर है कि इससे रूसी सेना, अमेरिका और नाटो की सेनाओं के बीच सीधा टकराव हो सकता है। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यूक्रेन सोमवार को कुर्स्क, रियाजान और सेराटोव में ठिकानों को निशाना बनाने के लिए पुराने लंबी दूरी के सोवियत युग के टोही ड्रोन से हमला किया था।

**यूक्रेन ने रूस के दो एयरबेस पर हमला कर दिया था**

रूस के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले दो एयरबेस पर यूक्रेन के ड्रोन विमान ने हमला कर दिया था। इस हमले में पुतिन के तीन सैनिकों की मौत हो गई और चार घायल हो गए। बताया जा रहा है कि इन ड्रोन हमलों में रूस के दो Tu-95 परमाणु बॉम्बर भी तबाह हो गए हैं। बता दें कि रूस ने इन बॉम्बर्स को यूक्रेन और ब्रिटेन को डराने के लिए तैनात किया था। वहीं यूक्रेन की तरफ से और हमलों के खतरे को देखते हुए रूसी एयरबेस को हाई अलर्ट पर कर दिया गया है। इससे पहले, सेराटोव में एंगेल्स एयरबेस और रियाज़ान में डायगिलेवो एयरबेस में बड़े विस्फोटों की सूचना मिली थी, लेकिन इसपर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई थी।

## गिलगित-बाल्टिस्तान में बिजली और गेहूं की भारी किल्लत, लोगों ने किया प्रदर्शन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के स्कार्दू शहर के लोगों ने बिजली और गेहूं की कमी को लेकर अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। डॉन के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने लालटेन लेकर सरकार के खिलाफ मार्च निकाला। शहर के हुसैनी चौक में प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाल्टिस्तान अवामी एक्शन कमेटी के आह्वान पर कई राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन में हिस्सा लिया। कमेटी के एक प्रवक्ता ने कहा कि कड़ाके की ठंड के बीच स्कार्दू को 22 घंटे तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती के अलावा लोग गेहूं की कमी से जूझ रहे हैं। अवामी एक्शन कमेटी के प्रमुख नजफ अली और अंजुमन ताजरान-ए-स्कर्दू के अध्यक्ष गुलाम हुसैन अतहर के अनुसार, सब्सिडी वाला आटा बाजार से लगभग गायब हो गया था क्योंकि संघीय सरकार ने क्षेत्र में आपूर्ति को कम कर दिया था। डॉन ने बताया कि आम नागरिकों की समस्याओं पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है, जबकि लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। नजफ अली ने कहा लोगों की समस्याओं को दूर करने की जगह जनता के गुस्से से बचने के लिए स्थानीय नेता इस्लामाबाद चले गए हैं। पाक स्थानीय मीडिया इंतेखाब डेली ने बताया कि कलात के गरीबाबाद में भी नागरिक लंबे समय से बिजली और गैस की समस्या से जूझ रहे हैं। नवंबर में लोगों ने अधिकारियों से शिकायत की लेकिन स्थिति नहीं बदली।

## डोनाल्ड ट्रंप की दो कंपनियों ने की धोखाधड़ी, 17 मामलों में दोषी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा कानूनी झटका लगा है। उनकी दो कंपनियों को धोखाधड़ी के मामले में दोषी ठहराया गया। मैनहट्टन डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी द्वारा दाखिल किए गए एक मामले में ट्रंप के दो कॉर्पोरेट संस्थाओं को सभी 17 मामलों में दोषी पाया गया। यह कंपनियां किराये से मुक्त अपार्टमेंट, महंगी कारों और नौकरी के भत्तों पर व्यक्तिगत आयकर का भुगतान करने से बचती रही हैं। इन कंपनियों के नाम ट्रंप कॉर्प और ट्रंप पेरोल कॉर्प है। हालांकि, व्यक्तिगत तौर पर डोनल्ड ट्रंप को दोषी नहीं ठहराया गया है। अब इन कंपनियों पर 1.61 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया जा सकता है।



## यूक्रेन ने रूस में घुसकर वायुसेना के हवाई अड्डे को निशाना बनाया

**कीव।** पिछले नौ महीने से ज्यादा समय से यूक्रेन के साथ जारी युद्ध में पहली बार रूस की हवाई सुरक्षा की पोल खुल गई है। यूक्रेन



ने लगातार दूसरे दिन रूस में घुसकर उसके एक और वायुसेना हवाई अड्डे को निशाना बनाया। ड्रोन हमले में वायुसेना अड्डे से आग की लपटें उठने की तस्वीरें सामने आई हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूक्रेन ने एक दिन पहले रूस में सैकड़ों किलोमीटरअंदर घुसकर दो वायुसेना अड्डों को निशाना बनाया। इसमें तीन लोगों की मौत हुई थी। यूक्रेन के समीप स्थित रूसी शहर कुर्स्क के अधिकारियों ने तड़के हुए हमले के बाद वायुसेना अड्डे से काले धुएं के उठते गुबार की तस्वीरें साझा की। यहां के गवर्नर ने बताया कि एक तेल भंडार केंद्र फुंक गया, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

## अमेरिका ने ताइवान को दो नए महत्वपूर्ण हथियारों की बिक्री की मंजूरी दी, चीन हो सकता है नाराज

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने ताइवान को दो नए महत्वपूर्ण हथियारों की बिक्री की मंजूरी दे दी। इस कदम से चीन के नाराज होने की पूरी संभावना है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, ताइवान के एफ-16 लड़ाकू विमानों के बेड़े, जी-130 परिवहन विमानों और अमेरिका द्वारा आपूर्ति किए जाने वाली अन्य हथियार प्रणालियों का समर्थन करने के लिए 42.5 करोड़ डॉलर से अधिक के अतिरिक्त विमान पुर्जों की बिक्री को मंजूरी दे दी गई है। इंडोनेशिया में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई आमने-सामने की मुलाकात के महज दो सप्ताह बाद ही यह घोषणा की गई है।गौरतलब है कि चीन का दावा है कि ताइवान उसका हिस्सा है और



वह विदेशी अधिकारियों की ताइवान यात्रा का विरोध करता है। अमेरिका की प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी के अगस्त में ताइवान की यात्रा करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंध और खराब हो गए थे। चीन ने इसे उकसाने वाला कदम करार दिया था और जवाब में स्व-शासित द्वीप ताइवान के आसपास कई सैन्य अभ्यास किए थे।

## द्वीप जावा में एक पुलिस थाने के बाहर व्यक्ति ने खुद को विस्फोट से उड़ाया, कई घायल

**द्वीप जावा।** इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा में बुधवार को एक पुलिस थाने के बाहर एक व्यक्ति ने खुद को विस्फोट से उड़ा लिया। दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले मुस्लिम राष्ट्र में आत्मघाती हमलों की कड़ी में यह नया मामला है। बांडुंग के पुलिस प्रमुख अश्विन सिपयुंग ने कहा कि एक व्यक्ति ने मोटरसाइकिल से अस्ताना अन्यार पुलिस थाने में प्रवेश करने की कोशिश की और जहां पुलिस अधिकारी सुबह की सभा के लिए कतार में खड़े थे, वहां उसने खुद को उड़ा लिया।विस्फोट में तीन अधिकारी घायल हो गए। उन्होंने कहा कि पुलिस अभी भी पश्चिम जावा के बांडुंग शहर में हुए हमले की जांच कर रही है। कट्टरपंथी समूह से संबंध रखने वाले उस व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। सोशल




मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में थाने के गेट पर एक जलती हुई मोटरसाइकिल के पास शरीर के टुकड़े बिखरे हुए दिखाई दिए। टेलीविजन खबरों में इमारत से सफेद धुंआ निकलते और जोरदार धमाके के बाद दहशत में भागते लोगों को दिखाया गया।इंडोनेशिया 2002 में बाली के रिसॉर्ट द्वीप पर बमबारी के बाद से आंतकवादियों से जूझ रहा है, जिसमें 202 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर विदेशी पर्यटक थे। विदेशियों पर लक्षित हमलों के स्थान पर हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर सरकार, पुलिस और आतंकवाद विरोधी बलों और आतंकवादियों द्वारा काफिर माने जाने वाले लोगों को निशाना बनाया जा रहा है।

## पाकिस्तान चुनाव आयोग का नोटिसः पीटीआई अध्यक्ष पद से भी इमरान को हटाने की तैयारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का राजनीतिक करियर पूरी तरह खत्म करने में शहबाज शरीफ सरकार कोई कसर नहीं उठा रखना चाहती है। पाकिस्तानी चुनाव आयोग का भी सरकार को पूरा साथ मिल रहा है। अब इमरान खान को उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इस्लाम (पीटीआई) के अध्यक्ष पद से भी हटाने की तैयारी की गयी है। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने इस मामले में नोटिस जारी किया है।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की चुनावी राजनीति को अक्टूबर माह में तब जोरदार झटका लगा था, जब पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इमरान को चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। दरअसल, पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन की पार्टी पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट के सांसदों ने चुनाव आयोग के समक्ष दायर याचिका में दावा किया था कि इमरान खान ने प्रधानमंत्री के रूप में मिले उपहार



बिना भुगतान अपने पास रख लिए। आरोप था कि इमरान ने उपहारों का खुलासा नहीं किया और अपने बयानों में जानकारी छुपाई। इस पर सुनवाई करते हुए आयोग ने इमरान खान को चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश भी की थी।

इस कार्रवाई के बाद तय हो गया था कि इमरान खान चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। अब इन्हीं आरोपों के आधार पर इमरान खान को उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इस्लाम (पीटीआई) के अध्यक्ष पद से हटाने की तैयारी भी हो गयी है। इस संबंध में पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री को नोटिस जारी किया है। मामले की सुनवाई 13 दिसंबर को होगी। इस नोटिस में इमरान खान पर लगे आरोपों के हवाले से कहा गया है कि जो व्यक्ति चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो, वह देश के प्रमुख राजनीतिक दल का अध्यक्ष कैसे रह सकता है। इमरान के खिलाफ यह कार्रवाई चुनाव आयोग से की गयी उस शिकायत के बाद शुरू हुई थी, जिसमें कहा गया था कि इमरान खान ने महंगे उपहारों को पहले स्टेट डिपॉजिटरी में जमा कराया, फिर उन्हें रियायती मूल्य पर खरीद कर भारी मुनाफे पर बेच दिया। पाकिस्तान के कानून के मुताबिक, विदेश से प्राप्त कोई भी उपहार स्टेट डिपॉजिटरी में रखा जाना चाहिए। यदि राज्य का मुखिया उपहार को अपने पास रखना चाहता है तो उसे इसके मूल्य के बराबर राशि का भुगतान करना होगा। यह एक नीलामी की प्रक्रिया के जरिए तय किया जाता है। इसके माध्यम से अर्जित धन को राष्ट्रीय खजाने में जमा किया जाता है।

## भारत कई धर्मों के लोगों का घर है, सभी की धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने को प्रोत्साहित करते रहेंगेः अमेरिका




**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत कई धर्मों के लोगों का घर है और वह सभी की धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए भारत को अपनी प्रतिबद्धताओं पर कायम रहने के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा। अमेरिका ने धार्मिक स्वतंत्रता की वर्तमान स्थिति के लिए चीन, पाकिस्तान और म्यांमा सहित 12 देशों को ''विशेष चिंताजनक देश'' घोषित किया है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि दुनिया भर में सरकारें और गैर-सरकारी ताकतें लोगों को उनके धर्म के आधार पर परेशान करती हैं, धमकाती हैं, जेल भेजती हैं और यहां तक कि कई बार उनकी हत्या भी की जाती है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने पत्रकारों से कहा, '' यकीनन भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। वहां कई धर्म के लोग एकसाथ रहते हैं। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर हमारी वार्षिक रिपोर्ट में सामने आई कुछ चिंताओं पर हमने भारत के संदर्भ में संज्ञान लिया। हम सभी देशों में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति पर करीब से नजर रखना जारी रखेंगे और इसमें भारत भी शामिल है।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन भारत सरकार को सभी की धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की उसकी प्रतिबद्धताओं पर कायम रहने के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा।

## अरुण कुमार सिंह तीन साल के लिए ओएनजीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने अरुण कुमार सिंह को सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख नवरत्न कंपनी तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पद पर नियुक्त किया है। सिंह की नियुक्ति संबंधी अधिसूचना बुधवार को जारी कर दी गई है। आधिकारिक आधिसूचना के मुताबिक मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अरुण कुमार सिंह को तीन वर्ष के लिए ओएनजीसी का चेयरमैन नियुक्त करने के पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह पहला मौका है जब 60 साल से अधिक आयु के सेवानिवृत्त अधिकारी को किसी महारत्न पीएसयू का प्रमुख नियुक्त किया गया है। ओएनजीसी के नियमित चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक का पद अप्रैल 2021 से ही रिक्त था। तेल मंत्रालय के आयु संबंधित मापदंडों में छूट देने के बाद सिंह इस पद के लिए पात्र हुए थे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## बैकफुट पर आए शी जिनपिंग! 2 साल बाद कोरोना के सख्त नियमों में दी गई ढील

**बीजिंग।** चीन में जीरो कोविड पॉलिसी के विरोध में हुए भीषण प्रतिरोध को देखते हुए अब शी जिनपिंग बैकफुट पर आते नजर आ रहे हैं। नतीजतन चीन के कई प्रांतों और शहरों में सख्त कोविड प्रतिबंधों में दील दी जा रही है। दक्षिणी शहर ग्वांगझू में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प के बाद अब कोविड प्रतिबंधों में ढील की शुरुआत हो गई है। लोगों में से एक ने कहा कि जब भी लोग सार्वजनिक स्थानों पर प्रवेश करते हैं, तो चीन स्मार्टफोन ऐप के माध्यम से स्वास्थ्य कोड को स्कैन करने की आवश्यकता को कम करने या समाप्त करने पर भी विचार कर सकता है।हालांकि बीजिंग के लोगों को अभी भी रेस्तरां, स्कूल, बार, इंटरनेट कैफे, इनडोर गेमिंग स्टेडियम, नर्सिंग होम, अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश करने के लिए 48 घंटों के भीतर कोविड-19 टेस्ट की निगेटिव रिपोर्ट की जरूरत होगी। ये घोषणा देश के पूर्व



राष्ट्रपति जियांग जेमिन के लिए सीपीसी की बैठक से पहले की गई थी। जेमिन का 30 नवंबर को निधन हो गया था। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि चीनी मुख्य भूमि ने सोमवार को 4,988 स्थानीय रूप से प्रसारित पुष्ट कोविड मामलों और 22,859 स्थानीय संक्रमणों की सूचना दी। बीजिंग और शंघाई सहित कई चीनी शहरों में सरकार की शून्य-कोविड नीति के खिलाफ सार्वजनिक विरोध देखा गया, जिसके कारण शहरों और अपार्टमेंट परिसरों में समय-समय पर तालाबंदी की गई, जिससे लोग कई दिनों तक घर के अंदर बंद रहे। पिछले हफ्ते, चीन ने कहा था कि वह संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका और अन्य देशों से मजबूत समर्थन प्राप्त करने वाली शून्य-कोविड नीति के खिलाफ सार्वजनिक विरोध के बीच अपने कठोर कोरोनो वायरस लॉकडाउन के प्रभाव को 'कम से कम' करने के लिए कदम उठाएगा।

## भारत ने नीरव के प्रत्यर्पण की अपील पर ब्रिटेन की अदालत में सौंपा जवाब

**लंदन।** भारतीय अधिकारियों ने भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी के उस आवेदन पर अपना कानूनी जवाब सौंप दिया है जिसमें उसने यूनाइटेड किंगडम (यूके) के सर्वोच्च न्यायालय में अपने प्रत्यर्पण आदेश के खिलाफ अपील करने की अनुमति मांगी है। यूके की अदालतों में भारत सरकार की ओर से पेश होने वाली क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) को 51 वर्षीय हीरा व्यापारी की ओर से दायर याचिका पर सोमवार तक लंदन में उच्च न्यायालय में जवाब दाखिल करना था। नीरव को करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ऋण घोटाला मामले में आरोपों का सामना करने के लिए भारत लाने की कोशिश हो रही है। उसके वकीलों ने पिछले महीने यह अपील दायर की थी जब वह मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर उच्च न्यायालय में शुरुआती अपील हार गया था। अब लंदन में उच्च न्यायालय यह फैसला करेगा कि उसे अपील करने की अनुमति दी जाए या नहीं।

